वर्ष : 33 ▸ अंक : 142 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 7 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे
# दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# इतिहास रचने से महज एक कदम दूर 'गोल्डन बॉय'

## नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ थ्रो ◻ 89.34 मीटर के साथ फाइनल के लिए किया क्वालिफाई

**एजेंसी । पेरिस**

भारत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में जेवलिन थ्रो के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने मंगलवार (6 अगस्त) को ग्रुप-बी क्वालीफिकेशन में अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में एंट्री की। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले नीरज का यह सीजन बेस्ट थो है। हालांकि, भारत के पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल से चूक गए। वह ग्रुप-ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहे। बता दें कि डिफेंडिंग चैंपियन नीरज से देशवासियों को गोल्ड की सबसे ज्यादा उम्मीद है। नीरज पेरिस में इतिहास रचने से महज एक कदम दूर हैं। नीरज अगर गोल्ड हासिल करने में कामयाब हो गए तो ओलंपिक में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें पुरुष जेवलिन थ्रोअर बन जाएंगे।

### नीरज चोपड़ा का कमाल का प्रदर्शन

पेरिस ओलंपिक के 11वें दिन मौजूदा ओलंपिक चैंपियन भारत के नीरज चोपड़ा ने कमाल का प्रदर्शन किया। वह क्वालिफिकेशन राउंड के ग्रुप-बी में थे और उन्होंने पहला ही थ्रो 89 .34 मीटर किया और सीधे फाइनल का टिकट कटा लिया। इससे पहले नीरज ने दोहा डायमंड लीग 2024 में 88 .36 मीटर दूर भाला फेंका था। टोक्यो ओलंपकि में उन्होंने 87 .58 मीटर का थ्रो फेंका था। इससे उन्हें गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने अपने इस रकॉर्ड को पीछे छोड़ दयिा है

### जेवलिन थ्रो में पहले स्थान पर

नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में पहले स्थान पर आ गए। उन्होंने सभी एथलीटों को पीछे छोड़ दिया है। नीरज का यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आपको बता दें कि क्वालिफिकेशनल राउंड में जो एथलीट 84 मीटर का थ्रो फेंकते हैं, वो सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेते हैं। नीरज के प्रतिद्वंद्वी ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 88 .63 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर जर्मनी के जूलियन वेबर रहे। उन्होंने 87 .76 मीटर दूर भाला फेंका। जबकि पड़ोसी देश पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86 .59 मीटर का थ्रो फेंककर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया।

### किशोर जेना रहे फेल

नीरज चोपड़ा के अलावा भारत के दूसरे एथलीट किशोर जेना ने भी क्वॉलीफिकेशन राउंड को पार करने की कोशिश की, लेकिन वह 80 .73 मीटर का थ्रो ही फेंक पाए। जबकि फाइनल में पहुंचने के लिए 84 मीटर का थ्रो फेंकना होता है।

### नीरज का फाइनल कब और कितने बजे होगा?

26 वर्षीय नीरज चोपड़ा 8 अगस्त को पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में दमखम दिखाते हुए नजर आएंगे। फाइनल मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजकर 55 मिनट पर शुरू होगा। नीरज के अलावा ग्रुप-बी से ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (88 .63 मीटर), कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट, पाकिस्तान के अरशद नदीम (86 .59 मीटर), ब्राजील के लुईस मॉरीसियो डा सिल्वा (85 .91 मीटर) और मालदोवा के एंड्रियन मारडेयर (84 .13 मीटर) ने भी सीधे फाइनल में एंट्री की है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ मुस्लिम छात्राओं ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख



**मुंबई।** मुंबई के एक कॉलेज की मुस्लिम लड़कियों ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। बता दें कि हाईकोर्ट ने हिजाब, घूंघट, स्टोल, टोपी आदि पहनने पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए पीठ को नियुक्त किया है और इसे जल्द ही निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 5 विधायकों का काटेगी टिकट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधान परिषद (MLC) के चुनाव में क्रांस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के 5 विधायकों का विधानसभा चुनाव में टिकट काटेगा। सूत्रों के अनुसार इनके बदले पार्टी नए चेहरों को मौका देगी। हालांकि कांग्रेस की ओर से इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार टिकट कटने वाले विधायकों में सुलभा खोडके, जीशान सिद्दीकी, हीरामन खोसकर, जितेश अंतापूरकर, मोहन हंबर्डे शामिल हैं। महाराष्ट्र में विधान परिषद (MLC) के चुनाव में कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर सामने आई थी।

## बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों की सुरक्षा के लिए चर्चा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को बांग्लादेश में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों की सुरक्षा और उनकी वतन वापसी के लिए विदेश मंत्रालय से चर्चा की है। मुख्यमंत्री



ने विदेश मंत्रालय को बांग्लादेश में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की सूची सौंपी है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र के बहुत से छात्र बांग्लादेश में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनके पालकों ने उनसे संपर्क किया था। इसके बाद उन्होंने इन सभी छात्रों की सूची संकलित कर विदेश मंत्रालय को सौंपी है। बांग्लादेश में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करने, उनकी तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बांग्लादेश में सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने, उनकी सुरक्षित भारत वापसी की प्रक्रिया में तेजी लाने की भी मांग मुख्यमंत्री शिंदे ने विदेश मंत्रालय से की है।

# तारीख पर तारीख !

## शिवसेना-NCP विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई 2 हफ्ते के लिए टली

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली**

शिवसेना और एनसीपी विधायक अयोग्यता मामले की सुनवाई 2 हफ्ते के लिए टाल दी गई है। इस मामले में अजित पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए और वक्त मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के वकीलों की मांग मान ली। ऐसे में देखा जा रहा है कि मामले में अब तारीख पर तारीख शुरू हो रही है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में आज कुल 14 मामलों की सुनवाई हो रही है। इसमें शिवसेना और एनसीपी के विधायक अयोग्यता मामले को सातवां स्थान मिला। पहले शिवसेना और फिर एनसीपी विधायक मामलों की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार समेत उनके 41 विधायकों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था लेकिन इन विधायकों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।




### वकील को फटकार लगाई

अजित पवार के वकील नीरज किशन कौल ने अदालत से अनुरोध किया कि एनसीपी विधायकों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए। उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया गया। इसलिए अब अजित पवार गुट के विधायकों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई स्थगित करते हुए वकील कौल को फटकार लगाई।

### किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट और अजित पवार गुट में से किसी को भी अयोग्य नहीं ठहराया। उनके फैसले को शिव सेना के ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाओं के जरिए चुनौती दी थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच के सामने सुनवाई हुई।

### चुनाव केवल दो महीने दूर

शिवसेना की ओर से दाखिल किए गए दस्तावेज पूरे हैं और अजित पवार की एनसीपी ने दस्तावेजों को जमा करने के लिए वकीलों के माध्यम से अतिरिक्त समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने अजित पवार के वकीलों की मांग मान ली और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गई। विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो चुका है। चुनाव केवल दो महीने दूर है। अदालत की तारीखें सामने आ रही हैं। आम लोगों का सवाल है कि इस केस का नतीजा कब सामने आएगा?

# दिल्ली पहुंचे उद्धव ठाकरे, सोनिया-राहुल गांधी से करेंगे मुलाकात

## विधानसभा चुनाव की रणनीति होगी तय

**दीपक पवार । मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे मंगलवार को अपनी पत्नी रश्मी और विधायक पुत्र आदित्य ठाकरे के साथ दिल्ली पहुंच गए। बुधवार को उद्धव, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करने के मकसद से उद्धव तीन दिवसीय दिल्ली के दौरे पर हैं। इस यात्रा के दौरान वह दिल्ली में महाविकास अघाड़ी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। मंगलवार को कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी दिल्ली पहुंचे। वहां चेन्निथला ने उद्धव से मुलाकात की। ऐसी जानकारी शिवसेना सांसद व प्रवक्ता संजय राऊत, रमेश चेन्निथला और राकां (शरद पवार) विधायक जितेंद्र आव्हाड ने पत्रकारों को संबोधित किया। राऊत ने कहा कि उद्धव ठाकरे बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करेंगे।



### शरद पवार से भी मिलेंगे उद्धव

राऊत ने कहा कि फिलहाल राकां शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार, दिल्ली में हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी दिल्ली में हैं। तो अब हम सब एक साथ बैठेंगे और महाराष्ट्र के बारे में चर्चा करेंगे। हमने लोकसभा चुनाव जीता है। हम विधानसभा में बहुमत लाना चाहते हैं।

### शिंदे गुट ने कसा तंज

शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक संजय शिरसाट ने कहा, 'मुझे मिली जानकारी के अनुसार, उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ देव दर्शन के लिए दिल्ली गए हैं। सोनिया देवी और राहुल देव आदि के मंदिर वहां हैं। उद्धव उनके दर्शन के लिए वहां गये हैं। अब उन्हें पता चलेगा कि दूसरों की आलोचना करना कितना आसान है। उन्हें यह एहसास हो गया होगा कि राजनीति में लोगों के चरणों में समर्पित हुए बगैर कोई भी सत्ता हासिल नहीं कर सकता।'

### आज मुंबई में MVA की बड़ी बैठक

कांग्रेस के महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि 7 अगस्त को होने वाले मीटिंग में हम आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे, लेकिन फिलहाल हमने 20 अगस्त को राजीव गांधी के जन्मोत्सव को कैसे मनाया जाए? इस पर चर्चा हुई, क्योंकि उनका जन्म मुंबई में हुआ था। इस पर चर्चा की। 20 अगस्त को राहुल गांधी और मलिकार्जुन खरगे मुंबई में रहेंगे।

## महाराष्ट्र के सार्वजनिक पुस्तकालयों को विशेष वित्तीय सहायता और विशेष किसान हेल्पलाइन की मांग

**एजेंसी । नई दिल्ली**

महाराष्ट्र राज्यसभा सदस्य धनंजय महाडिक ने सदन में सरकार से राज्य के सार्वजनिक पुस्तकालयों को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग की। उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए सदन को बताया कि महाराष्ट्र में 11,000 से अधिक सार्वजनिक पुस्तकालय हैं। महाराष्ट्र सरकार ने वित्त मंत्रालय को डीपीआर के साथ एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें 469.38 करोड़ रुपए की विशेष सहायता की मांग की गई है। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को इसलिए ठुकरा दिया कि यह दिशा-निर्देशों के अनुरुप नहीं है और सुझाव दिया है कि सहायता केवल ग्राम पंचायत और नगरपालिका वार्डों में नए पुस्तकालय स्थापित करने के लिए उपलब्ध है। सांसद महाडिक ने कहा कि यह प्रस्ताव राज्य के मौजूदा 11,322 सार्वजनिक पुस्ताकलयों के लिए है। इन पुस्तकालयों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए सहायता की आवश्यकता है। राज्य सरकार इन पुस्तकालयों को वार्षिक रखरखाव के लिए अनुदान देती है। इसलिए नए पुस्तकालय स्थापित करना संभव नहीं है। लिहाजा सरकार से अनुरोध है कि वह सहायता की श तों पर पुन र्वाचार करे और इस मुद्दे का शीघ्र समाधान करके राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

# खाने के विषाक्त होने से 64 छात्राओं की बिगड़ी तबियत

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

मुंबई से सटे पालघर जिले में फूड प्वाइजनिंग की एक बड़ी घटना सामने आई है। पालघर जिले में दहानु तहसील में स्थित एक आवासीय स्कूल की 64 छात्राएं खाना खाने के बाद बीमार पड़ गई। यह घटना दहानु तहसील में आदिवासियों के लिए संचालित स्कूल में हुई। विद्यालय की 64 से अधिक छात्राएं फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित हो गईं। छात्राओं ने सोमवार रात को खाना खाया था और परोसे गए भोजन और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। जिला अधिकारियों के अनुसार, छात्राओं की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पतालों में निगरानी में रखा गया है।



### पहले 28 छात्राएं पड़ी बीमार

पालघर जिले के दहानु के यह घटना रांकोल गांव के आवासीय विद्यालय में हुई। लगभग 28 छात्राओं को रात करीब 2 .30 बजे मतली और उल्टी होने लगी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए कासा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब उनका इलाज चल रहा था, तब 16 अन्य छात्राओं ने भी इसी तरह के लक्षण बताए और उन्हें ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। जैसे-जैसे अधिक छात्राएं अस्वस्थ महसूस करने लगीं, उन्हें निगरानी के लिए अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों को संदेह है कि भोजन विषाक्तता की शुरुआत जिले के विभिन्न सरकारी छात्रावासों में भोजन की आपूर्ति करने वाली केंद्रीय रसोई से हुई होगी।

# शरद पवार का साथ छोड़कर सोनिया दुहन कांग्रेस में शामिल



**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से राजनीति करने वाले सोनिया दुहन अब कांग्रेस में शामिल हो गई हैं। एनसीपी के दो फाड़ होने पर वह शरद पवार के साथ बनी रही थीं लेकिन इसी साल मई के आखिरी में उन्होंने एनसीपी को छोड़ दिया था। अब सोनिया दुहन ने कांग्रेस का रुख किया है। सोनिया दुहन पिछले काफी समय से हरियाणा में सक्रिय हैं। वह हरियाणा की रहने वाली हैं। सोनिया दुहन ने जिस तरह से विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस में एंट्री ली है उससे उनके चुनाव लड़ने की भी अटकलें लग रही है। हरियाणा में नवंबर में चुनाव होने हैं। दुहन ने जब शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी को छोड़ा था तब उन्होंने उनकी बेटी सुप्रिया सुले पर निशाना साधा था। दुहन ने लोकसभा चुनावों के नतीजे आने से ठीक पांच दिन पहले पार्टी छोड़ी थी।

# अभी भारत में ही रहेंगी शेख हसीना

## अमेरिकी ने किया वीजा रद्द, ब्रिटेन में पनाह की उम्मीद नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं। उनकी ब्रिटेन में पनाह मिलने की उम्मीद टूटती दिख रही हैं। वहां की सरकार ने ऐसे संकेत दिए हैं कि ब्रिटेन पहुंचने पर उनके खिलाफ बांग्लादेश के प्रदर्शनों के चलते कानूनी कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल शेख हसीना को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने शेख हसीना का वीजा रद्द कर दिया है।



### बांग्लादेश में संसद भंग

दूसरी तरफ बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भंग कर दी है। देश की पूर्व PM खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ 2 महीने से जारी प्रदर्शन में सोमवार को जमकर हिंसा हुई थी। इसके बाद वे पद से इस्तीफा देकर भारत पहुंची थीं। हिंडन एयरबेस पर NSA अजित डोभाल ने उनसे करीब एक घंटे बातचीत की थी। इधर, भारत में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ३शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी।३ कयास हैं कि वे लंदन या फिनलैंड जा सकती हैं।

# खदान में डूबने से 4 छात्रों की मौत, एक बचाया गया

**एजेंसी । नांदेड़**

नांदेड़ जिले के जरी गांव में की एक खदान में मंगलवार को डूबने से चार छात्रों की मौत हो गई। इस घटना में एक छात्र को बचाकर उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



पुलिस के अनुसार देगलूर नाका, नांदेड़ निवासी 12वीं में पढ़ने वाले पांच छात्र आज दोपहर में बारिश का आनंद लेने के लिए जरी गांव की एक खदान के किनारे गए थे। पांचों खदान में नीचे उतरकर सेल्फी का आनंद ले रहे थे। इसके बाद पांचों खदान में जमा पानी में उतरकर तैरने लगे लेकिन पानी का अंदाज न होने से यह सभी खदान में डूबने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और एक छात्र को बचा लिया। इसके बाद खदान से चार छात्रों के शव फायर ब्रिगेड की टीम ने बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मरने वाले चारों छात्रों के नाम काजी मुजम्मिल, अफ्फान, सैयद सिद्दीकी और शेख फुजैल हैं।

# ट्रैफिक पुलिस कर्मी से मारपीट

## एक गिरफ्तार चार फरार

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**



भिवंडी के कल्याण नाका स्थित राजू गांधी फ्लाई ओवर के नीचे कुछ वाहन चालकों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी से उस समय मार पीट की जब पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी अंजाम देने के दौरान दारू पीकर गाड़ी चलाने को लेकर कार्रवाई कर रहें थे। ट्रैफिक पुलिस ने एक युवक को तो पकड़ लिया पर चार अन्य युवक मौके से फरार हो गए है।

### क्या है मामला?

पुलिस के अनुसार, भिवंडी यातायात विभाग के पुलिस नाईक संतोष संभाजी गोड शाम पांच बजे के करीब कल्याण नाका पर अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। जहां उन्होंने ड्रग एंड ड्राइव की कार्रवाई करने हेतु एक सफेद रंग की कीवा कार को रोका। तभी वहां कुछ मोटर साईकिल से आए युवकों ने पुलिस कर्मी से कहा कि 'चल बाजू सरक कार्रवाई करने का नहीं' जिसके बाद युवकों ने पुलिस कर्मी को गाली गलौज करते हुए उन्हें मारना शुरू कर दिया। ट्रैफिक पुलिस कर्मी संतोष गोड ने एक युवक को पकड़ लिया है। जबकि उसके अन्य साथी फरार होने में कामयाब हो गए है। इस प्रकरण में शहर पुलिस स्टेशन ने संतोष संभाजी गोड की शिकायत पर पांच युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 121(1), 189(2), 191(2), व 352 के तहत मामला दर्ज कर प्रदीप वासु कोकुल 19 वर्ष निवासी कचेहरी पाड़ा हनुमान मंदिर स्थित नाईक मास्टर की चाल भिवंडी को गिरफ्तार कर लिया है। और उसके अन्य साथी (1) लकेश विधान बागुल, (2) उमेश नागपुरे (3) मयूरेश और यश गुरुनाथ पांचाल को पुलिस तलाश कर रही है।

# बच्चों में संस्कार के लिए माता पिता जिम्मेदार

## - स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

गुरु का शरण ही संन्यास है, समर्पण सबसे बड़ी विधी है। बच्चों में संस्कार के लिये मातापिता जिम्मेदार है, बच्चों को अपने सांस्कृतिक सभ्यता का बोध होना जरूरी है ये मातापिता की पहली जिम्मेदारी है। ऐसी बातें महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज जी ने घाटकोपर में कही। घाटकोपर में आये महाराज जी ने धर्म धर्मांतरण, लव जिहाद, लिव एंड रिलेसन पर अपनी बातें रखी। भूपतवाला हरिद्वार उत्तराखण्ड से आये महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा के महंत परमपूज्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. उमकान्तानन्द सरस्वती जी ने घाटकोपर में वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर त्रिवेदी के आवास पर कहा कि आज की पीढ़ी बिगड़ रही है तो उसके जिम्मेदार भी हम ही हैं, हम मॉडर्न हो गए लेकिन मॉडर्न की परिभाषा नही सीखी, आधुनिक से नई शोध अविष्कार है जो मानव, जीव की जीवन शैली के विकास हो, बौद्धिक रूप से रचनात्मक हो उसे आधुनिक कहते हैं। आज कल लव जिहाद ज्यादा चल रहा है यह एक छुपा एजेंडा है इसके लिये सरकार को कठोर नियम बनाना चाहिये।

प्रेम गलत नहीं है लेकिन उसका उद्देश्य अच्छा होना चाहिए, माता पिता भी बच्चों को उचित सीख दें। प्रिवेडिंग का सिस्टम आ गया है, उसे पब्लिस कर रहे हैं अपना संस्कार खो रहे हैं लिव एंड रिलेसन मान रहे हैं।

हमारे संस्कार में शादी विवाह है, भारतीय संस्कृति 16 संस्कारो पर चलती है विवाह पवित्र बंधन है। हमे स्क्रिप्ट लिखी हुई जीवन शैली नही अपनानी चाहिए असल जीवन मे वास्तविकता को अपनाना चाहिए। आज कल की पीढ़ी नहीं समाज ही भटक रहा है। समस्त समाज अंधी दौड़ में शामिल है। उत्पत्ति ही आचरण का प्रमाण है, बचपन में क्रूरता सिखाना गलत है जैसा अन्न ख़ोयेगे वैसा बनेंगे।

# उल्हासनगर में विवादास्पद वर्षा बार पर एक बार फिर चला हथौड़ा

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



पुणे के बाद उल्हासनगर के छमछम ऑर्केस्ट्रा बार उल्हासनगर मनपा के रडार पर आ गया है। कुछ दिन पहले मनपा ने श्रीराम चौक में एंजल, एप्पल और राखी और कैंप नंबर 3 में वर्षा डांस बार पर कार्रवाई की थी। लेकिन कार्रवाई के बाद भी वर्षा डांस बार के मालिक ने मनपा प्रशासन द्वारा तोड़े गए हिस्से को गुपचुप तरीके से दोबारा बनवा लिया था. जैसे ही मनपा को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने दोबारा इस डांस बार पर धावा बोला और हथौड़ा बरसते हुए कार्रवाई की। मनपा की इस सख्त कार्रवाई से उल्हासनगर के अन्य डांस बार मालिकों में भी डर का माहौल बन गया है. इस कार्रवाई के बाद उल्हासनगर मनपा ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि किसी भी अनधिकृत निर्माण या अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्हासनगर मनपा ने नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए ऐसी गतिविधियों को नियमित रूप से जारी रखने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। उल्हासनगर के नागरिकों ने मनपा की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई का स्वागत किया है। इससे शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# मनपा का 2 सितंबर को लोकतंत्र दिवस का आयोजन

## 19 अगस्त तक आवेदन पत्र जमा करने के लिए नागरिकों से आवाहन

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

मनपा का अगला लोकतंत्र दिवस 2 सितंबर को होगा।इ सलिए नागरिक लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पहले यानी 19 अगस्त को आवेदन पत्र मनपा मुख्यालय पर स्थित नागरी सुविधा केंद्र में दो प्रति जमा करें। आवेदन पत्र जमा करते समय फार्म 1 बी भी जमा करना आवश्यक है।महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्रक क्रमांक 1099/सीआर-23/98/18 अ 26 सितंबर 2012 के अनुसार दिसंबर 2012 के लोकतंत्र दिवस पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जा रहा है। यह आवेदन लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पहले दो प्रतियों में मनपा कार्यालय में जमा करना चाहिए यह आदेश जारी किया गया है।मनपा मुख्यालय पर लोकतंत्र दिवस पर जीस नागरिक ने अपना आवेदन जमा किया है।साथ ही आवेदन पत्र जमा करने के 1 महीने के भीतर यदि किसी भी प्रकार की कार्रवाई नही हुआ है तो उनके आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। नागरिक मनपा मुख्यालय पर लोकतंत्र दिवस के लिए आवेदन पत्र जमा करते समय परिमंडल लोकतंत्र दिवस के लिए टोकन डालना आवश्यक है।साथ ही 1 आवेदन पत्र के साथ 1 ही शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# फ्लैट से बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में मानसिक रूप से अस्वस्थ एक बुजुर्ग बीते सोमवार देर रात अपने फ्लैट में मृत मिला है। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि फिलहाल मौत का समय और कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यासीन तड़वी ने बताया कि देर रात 12:26 बजे स्थानीय अग्निशमन केंद्र को सिद्धेश्वर तालाब के पास हंस नगर इलाके में स्थित एक फ्लैट में एक बुजुर्ग का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।

### दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज



उन्होंने कहा कि दमकल विभाग और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। तड़वी के अनुसार, पड़ोसियों ने पहले ही फ्लैट का दरवाजा तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों को फ्लैट से दुर्गंध आ रही थी, जिसके बाद उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया था। तड़वी के मुताबिक, मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसके मौत के कारणों की जांच की जा रही है। तड़वी ने यह भी बताया कि मौके पर पहुंची नौपाड़ा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है।

# साधू के भेस में 70 हजार की ठगी, एक गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में ठगी का एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां एक मंदिर में पूजा पाठ कर रहे व्यक्ति को तीन अज्ञात लोगों ने साधु का भेस बदल कर बड़ी चालाकी से पूजा पाठ के नाम पर ठग लिया। इस ठगी में अज्ञात साधुओं ने उक्त व्यक्ति की सोने की अंगूठी तथा 20 हजार नगद रूपये सहित कुल 70 हजार रूपये ऐंठ लिया ।

### पूरा मामला समझें

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की सुबह 10 बजे के करीब रांजणोली गांव निवासी अभिषेक श्री अध्या पांडे 37 वर्ष पूजा पाठ करने पास के साईं बाबा मंदिर में गए थे। जहां पूजा पाठ के दौरान तीन अज्ञात लोगों ने साधु के भेष में उनके पास आए और उनसे पूजापाठ के बदले दक्षिणा मांगी। इसी के साथ तीनों साधुओं ने बड़ी चालाकी से उनकी सोने की अंगूठी व 20 हजार नगद रूपये सहित कुल 70 हजार मूल का सामान लेकर फरार हो गए। फिर दूसरे दिन उनके एक साथी ने अभिषेक पांडे को एक फोन कर धूप पूजा के लिए 75000 रूपये मांगे और पैसे लेकर कल्याण दुर्गाड़ी किले के पास खड़े अपने दो अन्य साथियों को देने को कहा। तभी अभिषेक पांडे ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में पांच अज्ञात साधुओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जहां पुलिस ने पांचों अज्ञात साधुओं के खिलाफ मामला दर्ज कर एक बहरूपिये साधु प्रवीणकुमार धारनाथ मदारीनाथ को गिरफ्तार कर लिया है। और अन्य चार बहरूपिये साधुओं की तलाश पुलिस कर रही है। इस मामले की आगे की कार्रवाई पुलिस उपनिरीक्षक गवारी कर रहे है।

# पशु का प्रतिबंधित मांस जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महानगर पुलिस ने एक टेंपो से ले जाए जा रहे लगभग 400 किलोग्राम पशु के प्रतिबंधित मांस को जब्त कर इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और रविवार को कांदिवली इलाके में वाहन को रोक लिया। कांदिवली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि टेंपो से करीब 400 किलोग्राम गोमांस जब्त किया गया और गोवंश मांस दुकान के मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उन्हें मांस कहां से मिला?

# विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदलना तय : नाना पटोले



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सरकार बदलना तय है। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे का तीन दिवसीय दिल्ली दौरा मंगलवार से शुरू हुआ। पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस नेतृत्व से मिलेंगे। उन्होंने कहा, “वे महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को हराने की रणनीति पर चर्चा करेंगे।”

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से करेंगे मुलाकात



उन्होंने कहा कि ठाकरे राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी महाविकास अघाडी (एमवीए) के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत दिल्ली में नहीं बल्कि मुंबई में होगी। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस वर्ष अक्टूबर में होने की संभावना है।

# 'जुआ मुक्त उल्हासनगर' के नारे के साथ मनाया जाएगा उल्हासनगर का 75वां स्थापना दिवस




**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर में 8 अगस्त 1949 को हर वर्ष उल्हासनगर शहर के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 75 स्थापना दिवस के रूप में उल्हासनगर महानगर पालिका, रोटरी क्लब ऑफ सपना गार्डन, एसएसटी कॉलेज व एसएचएम कॉलेज के छात्र, सुखरामाणी फाउंडेशन व शहर की तमाम सामाजिक, शैक्षणिक व व्यापारी संघटनों, राजनीतिक दलों, एनजीओ और पत्रकारों द्वारा इस साल 8 अगस्त

भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 8 अगस्त को उल्हानगर स्थापना दिवस के अवसर पर एक अनोखी पहल करते हुए 'जुआमुक्त, नशामुक्त, भयमुक्त उल्हासनगर, सुरक्षित उल्हासनगर' के नारे के साथ उल्हासनगर मनपा, स्कूल कॉलेज के छात्र रैली निकालकर उल्हासनगर मनपा मुख्यालय के पीछे विराट अंबे स्पोर्ट्स क्लब स्विमिंग पुल जहां उल्हासनगर स्थापना शिलालेख रखा है, वहां 8 अगस्त की सुबह 11 बजे उमनपा आयुक्त व अधिकारियों, विधायक की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इस दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### भ्रष्टाचार का मामला

# कोर्ट ने आरोपी आरपीएफ कांस्टेबल को किया बरी

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2007 के रिश्वत मामले में आरोपी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल को उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने का हवाला देते हुए बरी कर दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश अमित एम. शेटे ने मंगलवार को दिये अपने आदेश में कहा कि अभियोजन संतोष गुलाबराव लांबाटे (53) के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा है, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ मिलना चाहिए। एक अन्य आरोपी राम अधार यादव की मृत्यु हो जाने के कारण उसके खिलाफ मामला बंद कर दिया गया।

### केस डायरी

विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि रेलवे की सामग्री चोरी करने और उन्हें बेचने के आरोप में जुलाई 2007 में भयंदर आरपीएफ ने कबाड़ के एक कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लांबाटे ने कारोबारी से संपर्क कर उसे रेलवे अदालत की ओर से जारी वारंट के बारे में बताया। वह उसे रेलवे पुलिस थाने ले गया और मामले को सुलझाने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। अभियोजक ने बताया कि आखिरकार 5,500 रुपये पर सहमति बनी थी, जिसके बाद कारोबारी ने भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) से संपर्क किया था। अदालत ने कारोबारी की अवैध गतिविधियों की पृष्ठभूमि रहने के बावजूद आरपीएफ कांस्टेबल के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का रुख करने के असमान्य व्यवहार पर गौर किया।

# उद्धव ठाकरे गुट ने शेख हसीना को बताया तानाशाह

## पीएम मोदी और बीजेपी को सबक सीखने की दी नसीहत

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



भारत का एक और पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश अशांत हो गया है। दंगों की आग में जल रहे बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कट्टरपंथी उपद्रवियों के कारण पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत भाग आई हैं तो वहीं उनके समर्थकों एवं हिंदुओं आबादी पर अब कहर बरपाया जा रहा है। शिवसेना (उद्धव गुट) ने शेख हसीना को तानाशाह शासक बताते हुए बांग्लादेश के हालातों के लिए जिम्मेदार ठहराया है तो वहीं हसीना के हश्र का उदाहरण देते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी को सबक सीखने की नसीहत देते हुए नमक रगड़ने का काम किया है। शिवसेना (उद्धव गुट) ने अपने मुखपत्र के संपादकीय में लिखा है कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण खत्म करने की मांग को लेकर पिछले महीने शुरू हुआ हिंसक आंदोलन आखिरकार हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के साथ समाप्त हुआ। बांग्लादेश में पिछले 15-16 साल से जो ‘हसीना राज’ था, उसका इस तरह अंत हो गया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की तानाशाही, विपक्ष को जेल में डालना, छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश का अंत जन अशांति के रूप में होने वाला था। आक्रोश इतना तीव्र था कि शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के निर्माता शेख मुजीबुर रहमान के योगदान को भी नाराज जनता ने भुला दिया। ठाकरे गुट ने कहा है कि ‘फाइटिंग बेगम’ कही जाने वाली शेख हसीना को भागना पड़ा।

### मोदी सरकार पर निशाना



इसी तरह लेख में उद्धव गुट ने मोदी सरकार और बीजेपी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि किसी भी सरकार के लिए आम लोगों की आजीविका सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होना चाहिए, लेकिन जब शासक इसे भूल जाते हैं या केवल ‘झांसा’ देकर जुमलेबाजी के बल पर शासन करने लगते हैं, तो जैसे ही जन आंदोलन की आंधी चलती है तो उस तूफान में सरकार पत्ते की तरह उड़ जाती है। ठाकरे गुट ने आगे सवाल किया है कि क्या दो महीने पहले लोकतांत्रिक तरीकों से सत्ता से बाहर होने से बाल-बाल बचे भारत के वे अत्याचारी और निरंकुश शासकों को कुछ समझ आ रहा है? शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत ने कहा कि भारत जैसा ही हालात बांग्लादेश में हो गए हैं। अतः भारत के वर्तमान शासकों को चिंतन करना चाहिए।

# मां शीतला सेवा समिति द्वारा सार्वजनिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



कल्याण पूर्व में अति प्राचीन मां शीतला मंदिर प्रांगण में मां शीतला सेवा समिति द्वारा भव्य सार्वजनिक रुद्राभिषेक, सुंदरकांड,महाप्रसाद का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होकर रुद्र अभिषेक व प्रसाद का लाभ लिया। काशी से आए आचार्य प्रवीण महराज के द्वारा भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम किया गया। उसके उपरांत गायक ताड़क मिश्रा ने अपने मधुर आवाज में सुंदरकांड और भजन पेश कर अपनी आवाज से भक्तो को झूमने पर विवश करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर उपस्थित गणमान्यों का आयोजको द्वारा स्वागत सत्कार अंगवस्त्र एवम पुष्पगुच्छ देकर सम्मनित किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी चित्रकूट से आए तुलसी दास ने इस आयोजन की सराहना की।

# 17 नवनियुक्त अभ्यर्थियों की ठाणे जिला परिषद में सीधी भर्ती

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

सीधी सेवा भर्ती-2023 के अंतर्गत ठाणे जिला परिषद में वित्त विभाग में अभ्यर्थियों का चयन दिनांक. 1 अगस्त को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया. ।ठाणे जिला परिषद की ओर से जारी बयान में आज बताया गया है कि वित्त विभाग में कनिष्ठ सहायक लेखा के 12, वरिष्ठ सहायक लेखा के 05 पदों पर कुल 17 नव नियुक्त अभ्यर्थियों के सीधे नियुक्ति केआदेश जारी किये गये हैं। इस अवसर पर मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी वैजनाथ बर्डकर सहित वित्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बताया जाता है, कि जिला परिषद ठाणे के अंतर्गत ग्रुप-सी सीधी सेवा की भर्ती के लिए विभिन्न संवर्गों में 255 पदों का विज्ञापन 5 अगस्त 2023 को जारी किया गया था।

# ठाणे पुलिस ने जब्त किया साढ़े 6 लाख का अवैध गुटखा

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



ठाणे में राबोडी पुलिस स्टेशन की टीम ने नाज़मिया अपार्टमेंट, क्रांतिनगर गली, राबोडी में छापा डालकर प्रतिबंधित 6 लाख 41 हजार 660 रुपए का गुटखा पान मसाला आदि जब्त कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है। ठाणे पुलिस आयुक्त कार्यालय से आज प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सोमवार को देर रात, ठाणे पश्चिम में छापेमारी के दौरान आरोपी आसिफ जफर शेख, उम्र 34 वर्ष, निवासी राबोडी ठाणे पश्चिम को गिरफ्तार किया गया।

### आरोपी हुआ गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पाद सिग्नेचर फाइनेस्ट पानमसाला, प्रीमियम राजश्री पान मसाला, राजनिवास सुगंधित पानमसाला, राज कोल्हापुरी, बाजीराव सुगंधित पानमसाला, मुसाफिर पानमसाला, प्रीमियम जेड-एल जाफरानी जर्दा के पैकेट इस आरोपी से बरामद किया गया। इसकी कुल कीमत 6,41,660/- रूपये की आंकी गई। बिक्री के लिए अवैध कब्ज़ा और मानक अधिनियम 2006 के तहत आरोपी आसिफ को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त अपराध की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक गवंड के द्वारा की जा रही है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** — विश्वास के बिना, कुछ भी संभव नहीं है : राल्फ बंच

न्यूज़ ब्रीफ

## रामदास अठावले ने राज ठाकरे के 'आरक्षण विरोधी' बयान पर जताई आपत्ति



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना करते हुए उनकी टिप्पणी को बेकार बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने राज ठाकरे को अपनी आरक्षण विरोधी टिप्पणी वापस लें, नहीं तो दलित और ओबीसी समुदाय आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मनसे उम्मीदवारों का बहिष्कार करेंगे। दरअसल, सोमवार को मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने पंढरपुर में कहा कि स्थानीय लोगों को नौकरी के अवसरों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### 'अगर वापस नहीं लेते टिप्पणी तो...'

सामाजिक न्याय राज्य मंत्री अठावले ने ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि अगर वह अपनी टिप्पणी वापस नहीं लेते हैं तो दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों का बहिष्कार करना चाहिए। राज ठाकरे ने सोलापुर में कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में किसी व्यक्ति को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रॉक्सी के रूप में इस्तेमाल करना शामिल है, जिसमें ओबीसी, मराठा और अन्य समुदायों के छात्रों की जरूरतों की उपेक्षा की जा रही है।

## 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें'

▶▶ मनोज जरांगे की मराठा समुदाय से अपील



**मुंबई/जालना।** महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनितिक दलों की तैयारियां जोरों पर शुरू है। लोकसभा चुनाव में बड़े झटके के बाद महायुति इस चुनाव को हर हाल में जितने की कोशिश में है। वहीं, विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) भी अपना अच्छा प्रदर्शन बनाए रखने पर जोर दे रहा है। इसी बीच मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को मराठा समुदाय से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। जरांगे ने कहा कि अगर उन्हें (मराठा) आरक्षण चाहिए तो उनके पास राजनीति में आने और सत्ता हासिल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जरांगे ने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मराठा राज्य की सत्ता में आएंगे। बता दें कि महाराष्ट्र में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। जरांगे ने कहा कि वह राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहते, लेकिन मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की आवश्यकता उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर कर सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि मराठा, मुस्लिम और दलित आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगे।

# दादर रेलवे स्टेशन पर मिले शव का खुला राज

▶▶ दोस्त ने ही रची थी खूनी खेल की साजिश

▶▶ लाल सूटकेस में मिली थी लाश

दोपहर संवाददाता | मुंबई

पायधुनी पुलिस ने अपने 30 वर्षीय दोस्त की हत्या के आरोप में दो मूक-बधिर व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विकलांग व्यक्ति की हत्या करने के बाद दोनों आरोपियों ने उसके शव को एक सूटकेस में भरकर तुतारी एक्सप्रेस ट्रेन से कहीं दूर ले जाकर ठिकाने लगाने की कोशिश की थी। हालांकि दादर रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से उनकी योजना विफल रही और वो पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या का मामला त्रिकोणी प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने जानकारी दी है कि एक शख्स शव से भरा सूटकेस लेकर तुतारी एक्सप्रेस से निकला था। दादर रेलवे पुलिस ने मामले को पायधुनी पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया है और पायधुनी पुलिस ने दूसरे हत्यारे को नालासोपारा से गिरफ्तार कर लिया है। मृतक और दोनों आरोपी मूक-बधिर हैं।





**लाल सूटकेस में शव मिला**

मृत युवक की पहचान अरशद शेख के रूप में हुई है, अरशद कुर्ला कलिना का रहने वाला था। गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों की पहचान जय प्रवीण चावड़ा और शिवजीत सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। जय चावड़ा को पायधुनी पुलिस थाने में रखा गया है, जबकि शिवजीत को नालासोपारा से गिरफ्तार किया गया है। रविवार की रात जब जय चावड़ा लाल सूटकेस के साथ दादर टर्मिनस से रवाना होने वाली तुतारी एक्सप्रेस में चढ़ रहा था, तो गश्त पर निकले दादर रेलवे पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी को संदेह हुआ और जब उसने पूछा कि बैग में क्या है, तो जय ने कोई जवाब नहीं दिया क्योंकि वह बहरा था।

### हत्या का मामला दर्ज

पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने उसका सूटकेस चेक करने के लिए बैग खोला तो सूटकेस में एक युवक का शव देखकर दंग रह गए। रेलवे पुलिस ने जय चावड़ा और उसके शव वाले सूटके स को जब्त कर लिया और पूछताछ के लिए दादर रेलवे पुलिस स्टेशन ले आई। जब पुलिस को पता चला कि जय गूंगा और बहरा है, तो पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को बुलाया जो बहरे की सांकेतिक भाषा जानता था गूंगा और उसके माध्यम से जय से पूछताछ की तो उसने एक दोस्त की मदद से जय चावड़ा के कमरे में अरशद की हत्या करना कबूल कर लिया। दादर रेलवे पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और आगे की जांच के लिए सोमवार सुबह मामला पायधुनी पुलिस को स्थानांतरित कर दिया।

### एक ही महिला से करते थे प्रेम

इस मामले में फरार आरोपी सिंह को उल्हासनगर से पकड़ा गया है। जांच में सामने आया कि, दोनों आरोपी एक ही महिला से प्रेम करते थे, लेकिन महिला की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। शेख द्वारा अपनी गर्लफ्रेंड की तस्वीरों के साथ चावड़ा को ब्लैकमेल करने के संभावित मकसद की भी जांच पुलिस कर रही है। चावड़ा टाइपिस्ट का काम करते थे और तीनों की मुलाकात विकलांग व्यक्तियों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में हुई थी, जहां वे दोस्त बन गए थे।



### दादर टर्मिनस से गिरफ्तार

रविवार को जय और शिवजीत ने अरशद को पायधुनी में पार्टी में बुलाया, उसे खूब शराब पिलाई, जिसके बाद शिवजीत और जय ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को सूटकेस में भर दिया। फिर जय और शिवजीत लाश वाले सूटकेस को ठिकाने लगाने दादर आए, शिवजीत नालासोपारा के लिए निकल गया और जय लाश वाले सूटकेस को लेकर दादर टर्मिनस आ गया, तुतारी एक्सप्रेस सावंतवाड़ी के लिए दादर टर्मिनस पर खड़ी थी, जय ने टिकट लिया और जनरल कोच की लाइन में खड़ा हो गया। तभी रेलवे पुलिस ने शक के आधार पर उसे हिरासत में ले लिया।

## शिंदे गुट के नेता आनंदराव अडसुल की बीजेपी को धमकी

▶▶ आठ दिन में राज्यपाल बनाने की बीजेपी से की मांग

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता आनंदराव अडसुल ने बीजेपी को अल्टीमेटम दिया है। अमरावती के पूर्व सांसद ने कहा कि अगर उन्हें आठ दिन में राज्यपाल नहीं बनाया जाता है तो वही फिर बीजेपी नेता नवनीत राणा के जाति प्रमाणपत्र की वैधता के मुद्दे को उठाएंगे। असडुल ने कहा है कि आठ दिनों से ज्यादा समय तक राज्यपाल पद के इंतजार नहीं करेंगे। अडसुल ने कहा कि बीजेपी नेता नवनीत राणा की वजह से मेरा काफी नुकसान हुआ है। अगर उन्हें टिकट नहीं मिलता तो मैं सांसद बनने के बाद मंत्री बन जाता है। अडसुल ने कहा है कि बीजेपी राज्यपाल बनाने का अपना वादा पूरा करे।



> "मैं राज्यपाल पद के लिए वह आठ दिन और इंतजार करूंगा, नहीं तो नवनीत राणा के जाति प्रमाण पत्र की वैधता प्रमाणपत्र का मामला दोबारा उठाऊंगा। नवनीत राणा की वजह से मुझे बहुत नुकसान हुआ है। अगर मुझे लोकसभा चुनाव में नामांकित किया गया होता, तो मैं जीत जाता और मंत्री भी बन जाता।
>
> -आनंदराव अडसुल, पूर्व सांसद, शिवसेना

### पहले भी जताई थी महत्वकांक्षा

अमरावती से शिवसेना के कई बार सांसद रहे आनंदराव अडसुल के ताजा बयान से महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। अडसुल के बगावती तेवरों के बाद चर्चा हो रही है कि क्या अमरावती में महायुति और कमजोर होगा? अडसुल का आरोप है कि लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने पर उन्हें राज्यपाल बनाने का वादा किया गया था। राज्यपालों की ताजा सूची में खुद का नाम नहीं आने पर अडसुल अब भड़के हुए हैं, इसीलिए अब अडसुल ने ये आक्रामक रुख अपनाते हुए आठ दिन तक इंतजार करने का ऐलान किया है। अडसुल का आरोप है कि नवनीत राणा के जाति वैधता प्रमाणपत्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। नवनीत राणा ने जिस दिन अमरावती से नामांकन दाखिल किया था। उसी दिन कुछ घंटे पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने जाति प्रमाण पत्र के मामले में नवनीत राणा को राहत दी थी। अडसुल ने एक बार पहले भी राज्यपाल का वादा किए जाने का खुलासा मीडिया में किया था।

### अमित शाह ने किया था वादा

एकनाथ शिंदे गुट के नेता आनंदराव अडसुल ने पहले कहा था कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कहने पर नाम वापस लिया था। तब बीजेपी ने राज्यपाल बनाने का वादा किया था। अडसुल ने दावा किया कि उस समय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मौजूद थे। अब अडसुल कह रहे हैं कि बीजेपी ने जो वचन दिया है, उसे निभाए। अमरावती सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ी नवनीत राणा चुनाव हार गई थीं। उन्हें कांग्रेस के बलवंत वानखड़े ने हराया था।

**सलमान खान के घर गोलीबारी केस**

## शूटर ने मांगी जमानत, खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बताया प्रेरित

दोपहर संवाददाता | मुंबई

अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर अप्रैल में गोलीबारी करने वालों में से एक शूटर ने जमानत के लिए अनुरोध किया है। जेल में बंद शूटर ने कहा है कि उसका इरादा सलमान खान को नुकसान पहुंचाना नहीं था। वह जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिद्धांतों से प्रभावित है। आरोपी विक्की कुमार गुप्ता ने कोर्ट में कहा कि उसने कर्ज में फंसे होने के कारण कथित अपराध किया। आरोपी गुप्ता ने दावा किया कि लॉरेंस बिश्नोई का नाम मामले में गलत तरीके से लिया गया है और गोलीबारी में उसकी कोई भूमिका नहीं है, जैसा कि मुंबई पुलिस दावा कर रही है। उसने कहा कि गोलीबारी का उद्देश्य सलमान खान (58) को 26 साल पहले दो काले हिरणों को मारने के कथित कृत्य के लिए डराना था। पिछले महीने यहां की एक अदालत में दायर पुलिस के आरोपपत्र में लॉरेंस बिश्नोई, उसके भाई अनमोल बिश्नोई और गिरोह के प्रमुख सदस्य रोहित गोधरा को मामले में 'वांछित आरोपी' बताया गया है।





### गुजरात से हुई थी गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल की सुबह मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों (गुप्ता और सागर पाल) ने खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की और भाग गए। बाद में दोनों को गुजरात से गोलीबारी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बारे में पुलिस ने कहा था कि यह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का काम था। गुप्ता ने सोमवार को अपने वकीलों अमित मिश्रा, सुनील मिश्रा और पंकज घिल्डियाल के माध्यम से महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका अधिनियम) के तहत गठित एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की। विशेष न्यायाधीश बी डी शेल्के ने अभियोजन पक्ष से जवाब मांगा और मामले की सुनवाई 13 अगस्त तक स्थगित कर दी।

### लॉरेंज बिश्नोई की छवि से प्रभावित

जमानत याचिका में कहा गया है कि आवेदक (गुप्ता) वास्तव में लॉरेंस बिश्नोई के इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया में बताए गए चरित्र से प्रभावित है और जेल में बंद गैंगस्टर के सिद्धांतों को काफी पसंद करता है। याचिका के अनुसार, लॉरेंस बिश्नोई क्रांतिकारी भगत सिंह का प्रबल अनुयायी है। गुप्ता ने कहा कि वह गरीब पृष्ठभूमि से आता है, बिहार के एक दूरदराज के गांव में रहता है और कर्ज में डूबा होने की वजह से उसने इस अपराध को अंजाम दिया। याचिका के अनुसार, गोलीबारी का उद्देश्य 1998 में राजस्थान में बिश्नोई समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले दो काले हिरणों की हत्या के संबंध में सलमान खान को केवल डराना था क्योंकि अभिनेता ने अपने कथित कृत्य के लिए माफी नहीं मांगी है।

**हथियार बरामदगी मामला**

## कोर्ट ने अपर्याप्त साक्ष्य का हवाला देते हुए पांच आरोपियों को जमानत दी



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2018 के हथियार बरामदगी मामले और पुणे में सनबर्न फेस्टिवल पर हमले की कथित तौर पर साजिश रचने के लिए महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच लोगों को यह कहते हुए जमानत दे दी है कि साजिश रचने के आरोपों को साबित करने के लिए प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्यों का अभाव है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की एक खंडपीठ ने 30 जुलाई के आदेश में आरोपियों के लंबे समय से कैद में होने और मुकदमे के जल्द खत्म होने की संभावना कम होने का भी उल्लेख किया।

### केस डायरी

एटीएस ने ठाणे जिले के नालासोपारा इलाके में दो अन्य आरोपियों के घर से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री जब्त किए जाने के बाद 2018 में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने दावा किया था कि हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल दिसंबर 2017 में पुणे में सनबर्न फेस्टिवल को निशाना बनाने के लिए किया जाना था। पीठ ने अभियोजन पक्ष द्वारा अपने आरोपपत्र में प्रस्तुत गवाहों के बयानों और अन्य साक्ष्यों की समीक्षा की और कहा कि वे ''अपर्याप्त'' हैं। अदालत ने कहा, ''हमने प्रथम दृष्टया यह राय बनाई है कि ये बयान हमारे समक्ष अपीलकर्ताओं के खिलाफ साजिश के आरोप को साबित करने के लिए अपर्याप्त हैं।''

**पब्लिक नोटीस**

एतदृारा सूचना दी जाती है कि, मेरे मुवकिल क्लाइंट इकबाल मेहबूब नदाफ यह निम्नलिखित संपत्ति मालिक फरीदा जाबीर तसकीन व ईतर, इनकी नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति का खरेदी करणा चाहते है.

इसलिय नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति के बिक्री, हस्तांतरण, विनिमय, पट्टा, उपपट्टा, समनुदेशन, गिरवी, के माध्यम से और या उसके किसी भाग के संबंध में कोई अधिकार शीर्षक, लाभ, ब्याज, शेयर, दावा या मांग रखने वाले सभी व्यक्ति, प्रभार, ग्रहणधिकार, विरासत, वसीयत,उत्तरधिकार, उपहार, रखरखाव, सुखभोग, ट्रस्ट, किरायेदारी, उप किरायेदारी, छुटी, और लाइसेंस, देखभाल करने वालाआधार, व्यवसाय, कब्जा, पारिवारीक व्यवस्था / निपटारा, किसी भी न्यायालय का आदेश, अनुबंधो / समझौता, या अन्यथा जो भी हो, के लिय दस्ताऐवज साक्ष्य के साथ लिखीत रुप में इसकी जानकारी अधोहस्ताक्षरी को इसकी तारीख से ७ दिनों के भीतर देनी होती है, ऐसा न करने पर ऐसे दावे, यदि कोई हों, को माफ कर दिया गया माना जाएगा.

**संपत्ति की अनुसूची**

| मालिक का नाम | स.नं./हिस्सा नं. | क्षेत्र: चौ. फुट | सोसायटी का नाम |
|---|---|---|---|
| फरीदा जाबीर तसकीन व ईतर | ३३/0,३४/५, ३४/४/२ | बंगलो नं. ३ १३४६ चौ. फुट व खुली मिळकत २७०० चौ.फुट. | युनिटी को. ऑ. हौ. सोसायटी लि. बांधिवली |

**ठिकाण** : कर्जत, **दिनांक** : ०७/०८/२०२४
**पत्ता** : लक्ष्मी अपार्टमेंट, सदनिका कं. १०८ पहिला मजला, शेलु स्टेशन जवळ पु, बांधिवली, ता. कर्जत, जि. रायगड. मो.नं. ९९२२१५५१५३,

सही/-
**सूर्यकांत भाऊ मसणे**
(वकील)

**मालेगांव विस्फोट** ▶ UAPA के तहत मुकदमे की मंजूरी को दी थी चुनौती

# समीर कुलकर्णी की याचिका खारिज

**मुंबई।** उच्चतम न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार समीर कुलकर्णी की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी है। जिसमें उसने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के पक्ष में नहीं है। जिसने कुलकर्णी की याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने कहा, हमें उक्त फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है। कुलकर्णी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष ने यूएपीए की धारा 45(2) के तहत मंजूरी नहीं ली है और इसलिए यूएपीए के तहत आरोप कायम नहीं रह सकते है। कुलकर्णी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष ने यूएपीए की धारा 45(2) के तहत मंजूरी नहीं ली है और इसलिए यूएपीए के तहत आरोप कायम नहीं रह सकते। दीवान ने कहा कि एक बार मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के पास जाने पर केंद्र सरकार की मंजूरी मिलनी चाहिए। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मोटरसाइकिल पर बंधे बम के फटने से छह लोगों की मौत हुई थी और लगभग 100 घायल हो गए थे।



### क्या है मामला ?

बता दें कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मोटरसाइकिल पर बंधे बम के फटने से छह लोगों की मौत हुई थी और लगभग 100 घायल हो गए थे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को उसी वर्ष विस्फोट की साजिश के लिए नौ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) से जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने साध्वी प्रज्ञा को क्लीन चिट दे दी।

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र. SRA/CO/OW/41814/सन 2024
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा., मुंबई
दिनांक : 06/08/2024

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

न्यु उजाला एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भु.क्र. ३२५, ३२५/१ आणि ३२६, मौजे-ओशिवरा, ता. अंधेरी, न्यु लिंक रोड, बेहरामबाग, जोगेश्वरी (प), मुंबई- ४००१०२ या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील एकुण ०९ निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), बृहन्मुंबई यांचेकडिल दिनांक २८.०६.२०२४ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणुन नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.
त्यानुसार विकासक यांनी सादर केलेल्या प्रस्तावातील संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील एकुण ०९ निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण मंगळवार दिनांक १३.०८.२०२४ रोजी सकाळी ११.०० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप ( Zoom App ) वर संगणीकृत प्रणालीव्दारे आयोजित केलेली आहे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दि. २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेच्या इमारतीमधील एकुण ०९ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

Meeting ID : 89043959966
Passcode : 13082024
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 06/08/2024

सही/-
(एच.आर. गावडे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

**टिप** : सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.

संपादकीय

# हसीना का निष्कासन

भले ही प्रथम दृष्टया, बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन की वजह आरक्षण विरोधी आंदोलन से उपजा आक्रोश बताया जा रहा हो, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह बनना बड़ा कारण रहा। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश को हल्के में लिया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हालांकि, पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। दरअसल, महज सात माह पहले हुए आम चुनावों के बाद से ही देश में जनाक्रोश धीरे-धीरे बढ़ने लगा था। दक्षिणपंथी रुझान वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और अन्य राजनीतिक दलों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया था। हालांकि,शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। वास्तव में शेख हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। हालांकि, लगातार चौथी बार सरकार बनाने वाली शेख हसीना के खिलाफ उपजे आक्रोश के मूल में तात्कालिक कारण अतार्किक आरक्षण ही रहा, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल व उनके आनुषंगिक संगठन सरकार को उखाड़ने के लिये बाकायदा मुहिम चलाये हुए थे। दरअसल, वर्ष 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के दमनकारी शासन से आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी के रिश्तेदारों के लिये उच्च सरकारी पदों वाली नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध छात्रों ने किया। उनका तर्क था कि उनकी कई पीढ़ियां आरक्षण का लाभ उठा चुकी हैं, फलतः बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। लेकिन इस आंदोलन को हसीना सरकार ढंग से संभाल नहीं पायी। आंदोलनकारियों से निबटने के लिये की गई सख्ती से आंदोलन लगातार उग्र होता गया। जिसका विपक्षी राजनीतिक दलों ने भरपूर लाभ उठाया। हालांकि,सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया था, लेकिन सरकार इस संदेश को जनता में सही ढंग से नहीं पहुंचा सकी। फिर छात्र नेताओं की गिरफ्तारी ने आंदोलन को उग्र बना दिया। बड़ी संख्या में आंदोलनकारी सड़कों पर उतरे। उन्होंने हसीना सरकार के खिलाफ मजबूत मोर्चा खोल दिया। जनाक्रोश के चरम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आक्रामक भीड़ ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तक को तोड़ दिया। निस्संदेह, सत्ता से चिपके रहने के लिये किए जाने वाले निरंकुश शासन की परिणति जनाक्रोश के चरम के रूप में सामने आती है। यह घटनाक्रम श्रीलंका में 2022 के विरोध प्रदर्शन की याद ताजा कर गया, जिसमें वहां राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से उतरकर विदेश भागने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, फिलहाल बांग्लादेश में सेना ने कमान अपने हाथ में ली है लेकिन आने वाली सरकार को उच्च बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना होगा। हालांकि, भारत के हसीना सरकार से मधुर संबंध थे, लेकिन हालिया उथल-पुथल को देखते हुए हमें अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। पाकिस्तान परस्त बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आसन्न वापसी से भारतीय उपमहाद्वीप में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति सावधान रहने की जरूरत होगी।

## शख्सियत — रवीन्द्रनाथ टैगोर

### राष्ट्रगान के रचयिता



रवीन्द्रनाथ टैगोर एक बंगाली बहुश्रुत कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। वह भारतीय संस्कृति को पश्चिम में पेश करने में और इसके विपरीत में अत्यधिक प्रभावशाली थे और उन्हें आम तौर पर 20 वीं सदी के शुरुआती भारत के उत्कृष्ट रचनात्मक कलाकार के रूप में माना जाता है। उन्होंने न केवल दो देशों भारत और बांग्लादेश के लिए राष्ट्रगान दिए, बल्कि अपने एक सिलोनी छात्र को श्रीलंका के राष्ट्रगान को लिखने और संगीतबद्ध करने के लिए भी प्रेरित किया।

देबेंद्रनाथ टैगोर ने सारदा देवी से शादी की और 7 मई, 1861 को कलकत्ता में अपने सबसे छोटे बच्चे, रवींद्रनाथ टैगोर को जन्म दिया। धनी जमींदार और समाज सुधारक द्वारकानाथ टैगोर उनके दादा थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर की पारंपरिक शिक्षा इंग्लैंड में ब्राइटन, ईस्ट ससेक्स के एक पब्लिक स्कूल में शुरू हुई। उनके पिता का इरादा उन्हें बैरिस्टर बनाने का था; इसलिए, वह 1878 में इंग्लैंड चले गए।

शांतिनिकेतन में स्थापित अविश्वसनीय रूप से अद्वितीय और असाधारण संस्थान, जिसका नाम ₹विश्व भारती विश्वविद्यालय₹ है, में रवीन्द्रनाथ टैगोर के छात्रों ने उन्हें सम्मानपूर्वक ₹गुरुदेव₹ का सम्मानजनक उपनाम दिया। टैगोर परिवार ने शांतिनिकेतन का निर्माण और निर्माण किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर इस छोटे से शहर से बेहद परिचित थे।

टैगोर ने कई पुरस्कार जीते। उन्होंने 1913 में साहित्य नोबेल पुरस्कार जीता। 1919 में जलियांवाला बाग हत्या के ठीक बाद, उन्होंने 1915 में किंग जॉर्ज पंचम से प्राप्त नाइटहुड रैंक से इस्तीफा दे दिया। आखिरकार, मार्च 2004 में, विश्वभारती से नोबेल पुरस्कार ले लिया गया, और स्वीडिश अकादमी ने उस दिसंबर में पुरस्कार की दो प्रतियां वितरित कीं - एक सोने से बनी और दूसरी कांस्य से। लेकिन 2016 में लुटेरों के छिपने की जगह का पता चल गया और खजाना बरामद हो गया।

टैगोर का 7 अगस्त, 1941 को उसी जोरासांको घर में निधन हो गया, जहां उनका पालन-पोषण लंबे समय तक दर्द सहने के बाद हुआ था।

# परीक्षाओं के लिए जान पर खेलते बच्चे




**क्षमा शर्मा**

पिछले दिनों से दिल्ली के कोचिंग सेंटर चर्चा में हैं। बारिश के कारण एक बेसमेंट में पानी भर गया और तीन बच्चों ने अपनी जान गंवा दी। उससे पहले यूपीएससी की ही तैयारी करने वाला एक बच्चा बारिश में करंट लगने से मर गया। हर साल लाखों बच्चे अपनी आंखों में तमाम सपनों को लिए यहां आते हैं और जीवन के बहुमूल्य वर्ष लगा देते हैं।

कोचिंग सेंटर्स में देश भर से आए बच्चे यूपीएससी की तैयारी करते हैं। वे किन विकट परिस्थितियों में रहते हैं, इसे मीडिया ने बार-बार दिखाया और बताया है। कितनी कम जगह के लिए उन्हें भारी किराया देना पड़ता है। कैसा खाना मिलता है। मकान मालिक बिजली का खर्चा बहुत ज्यादा लेते हैं। उस पर रात-दिन की मेहनत। लेकिन जब तक कोई हादसा नहीं होता, कोई नहीं जागता। न सरकार, न कोचिंग सेंटर्स के मालिक, न ही बच्चे, न बच्चों के माता-पिता। मीडिया भी। क्योंकि ये कोचिंग सेंटर्स बड़े विज्ञापनदाता भी हैं। आखिर इनसे कौन दुश्मनी मोल लेकर अपनी आय का नुकसान करे। न ही सरकारी अधिकारियों को कभी इस बात का खयाल आता है कि वे उन चीजों को अनदेखा कर रहे हैं जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। हां, जब दुर्घटना हो जाती है, तब जिम्मेदारी एक से दूसरे पर डाल दी जाती है। फिल्म बारहवीं फेल में भी हम ये सब देख चुके हैं। यह फिल्म बहुत सफल भी हुई थी। बच्चे ही नहीं उनके माता-पिता चाहते हैं कि किसी तरह बच्चा आईएएस या, आईपीएस, अथवा अन्य सेवाओं में एक बार आ भर जाए तो न केवल उसकी जिंदगी बन जाए बल्कि माता-पिता की भी और दहेज भी मोटा मिले। एक बार एक खबर पढ़ी थी कि जो बच्चे आईएएस बन जाते हैं, उनका नाम लिस्ट में देखकर उनके घर में बड़ा वाहन रुपये लेकर लोग पहुंच जाते हैं। और रिश्ता पक्का करना चाहते हैं। यूपीएससी का इम्तिहान देने के लिए हर साल लाखों बच्चे तैयारी करते हैं जबकि चयन कुछ ही का होता है। एक सफल के पीछे हजारों असफल खड़े रहते हैं। कई-कई बार तो दशकों इसमें निकल जाते हैं, मगर सफलता के साथी सब हैं असफलता की कहानी कोई नहीं कहता। न ही उस संघर्ष और जी तोड़ मेहनत के बारे में बताया जाता है कि वर्षों तक अठारह-बीस घंटे मेहनत करने और सब कुछ दांव पर लगाने के बावजूद कुछ हाथ नहीं आया।

आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों की सफलता का प्रतिशत औरों से ज्यादा है, इसीलिए बच्चे दिल्ली आते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या में बच्चे बिहार से आते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि साल 2002 से 2012 में परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अठारह हजार, एक सौ चौहत्तर बच्चों ने इंटरव्यू दिया था। मगर सफल सिर्फ दो हजार, दो सौ इकतालीस बच्चे ही हुए थे। सफलता का प्रतिशत इतना कम होने पर भी इस परीक्षा की तैयारी करने वाला हर बच्चा सोचता है कि वह अपने परिश्रम से जीत हासिल कर लेगा, पर ऐसा होता बहुत कम के साथ है।

यूपीएससी को कठिनतम परीक्षाओं में से एक माना जाता है। अफसोस होता है कि बच्चों के परिजन, साथ में जहां रहकर ये तैयारी करते हैं वे सेंटर्स, न इनके स्वास्थ्य का खयाल रखते हैं न इनकी मामूली सुविधाओं का। ये पैसे बरसाने वाली मशीनें हैं, जो जितनी बड़ी संख्या में आएंगी लोगों की जेबें उतनी ही फूलती जाएंगी। तभी तो दिल्ली में कुल कोचिंग सेंटर्स की संख्या पांच सौ तिरासी है और सिर्फ सड़सठ के पास सुरक्षा मानकों को पूरे करने वाले प्रमाण पत्र हैं। आखिर बिना सुरक्षा मानक पूरे किए इन सेंटर्स को क्यों चलने दिया गया। फिर कोचिंग सेंटर्स हमेशा अपनी सफलताओं को बहुत रंगीन बनाकर पेश करते हैं। बहुत से इसमें झूठ-सच का सहारा भी लेते हैं। इसमें एक उदाहरण देना काफी होगा। करीब सत्ताईस-अट्ठाईस साल पहले एक युवा का न केवल आईआईटी बल्कि देश के बहुत से इंजीनियरिंग संस्थानों में चुनाव हुआ था। जैसे ही रिजल्ट आया कोचिंग संस्थानों से फोन आने लगे कि वह युवा अपना फोटो उन्हें छापने की अनुमति दे। जिसमें वे कह सकें कि इस युवा ने इतनी सफलता इसलिए पाई कि अमुक संस्थान से ट्रेनिंग ली थी। वे इसके लिए बड़ी रकम देने को भी तैयार थे। जबकि इस युवा ने खुद ही पढ़ाई की थी। इस युवा ने कोचिंग संस्थान वालों से मना कर दिया। ऐसा आज भी होता है। कोचिंग संस्थान चाहे यूपीएससी के हों, इंजीनियरिंग के हों, अथवा मेडिकल या एमबीए के, अधिकांश की कहानी कमोबेश एक जैसी ही होती है। कोटा में भी यही हाल देखने को मिलता है। वहां तो और भी कम उम्र के बच्चे मेडिकल की तैयारी करने आते हैं। बहुत बार इतने निराश होते हैं कि जान दे देते हैं। लेकिन अन्य परीक्षाओं के साथ यूपीएससी की कहानियां बेहद दर्दनाक हैं। खास तौर से तब जब वे असफलता से जुड़ी हों। बहुत बार इस आशा में कि बच्चा बड़ा अफसर बन जाएगा, माता-पिता अपनी जमीन, खेत मकान सब कुछ बेच देते हैं, कर्ज ले लेते हैं, मगर जरूरी नहीं कि उनका बच्चा सफल ही हो। और कई बार ऐसा होता है कि एक सफलता की आशा में पूरा का पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। भारत में माता-पिता का ध्यान अक्सर सरकारी नौकरी पर रहता है। और यदि नौकरी सरकारी है और ऊपरी कमाई वाली भी है तो कहना ही क्या। क्योंकि एक बार सरकारी नौकरी मिल जाए तो जीवन भर के लिए पक्की समझिए। इसीलिए विवाह के मामले में भी लोग उन लड़कों को पसंद करते हैं जिनकी सरकारी नौकरी होती है।

समाज में शक्ति और अधिकार के प्रति इतना सम्मान है कि बाकी मानवीय गुण पीछे छूट जाते हैं। इस मामले में महान लेखक जयशंकर प्रसाद के नाटक स्कंद गुप्त का ही पहला वाक्य याद आता है-अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है।

## सहज योग

# कुंडलिनी का स्पंदन महत्वपूर्ण



जब कुण्डलिनी सुषुम्ना से उठेगी तभी आप पार हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए परमात्मा ने न जाने क्यों एक बड़ी जबरदस्त condition लगा दी है। एक बड़ी भारी अटकल है इसमें, जो देना ही पड़ता है।

कुण्डलिनी का स्पंदन भी आप देख सकते हैं। आप जानते हैं। कि सबसे पहले त्रिकोणाकार अस्थि पर कभी भी कोई स्पंदन होता नहीं वो हम दिखा सकते हैं आप गर देखें कि त्रिकोणाकार अस्थि में स्पंदन होता है, फिर धीरे धीरे स्पंदन ऊपर की ओर उठता है और इसके साथ-साथ बीच-बीच में किसी-किसी जगह ज्यादा स्पंदित होता है। वही अपने केन्द्र हैं। ये आपको दिखाया जा सकता है। और इसको आप देख सकते हैं और उसकी प्रचीति देख सकते हैं। जब कुण्डलिनी सुषुम्ना से उठेगी तभी आप पार हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए परमात्मा ने न जाने क्यों एक बड़ी जबरदस्त condition लगा दी है। एक बड़ी भारी अटकल है इसमें, जो देना ही पड़ता है। वो यह कि कुण्डलिनी सुषुम्ना पर तभी आएगी जब परमात्मा का असीम प्रेम उस आदमी में उतर पड़ेगा जब तक वो प्रेम मनुष्य में उतरेगा नहीं, कुण्डलिनी उठने वाली नहीं चाहे आप कुछ कर लें। वो नाराज हो सकती है, गुस्सा हो सकती है। लेकिन कुण्डलिनी कभी भी सकता है। इसी को हम Sympathetic और Parasympathetic Nervous System कहते हैं। हमारे शरीर के अंदर ही दो ऐसी शक्तियां विराजमान है कि जिसके बारे में हम बहुत कुछ कम जानते हैं और जिसके बारे में हमें पता लगाने में बड़ी दिक्कतें होती हैं खासकर के Parasympathetic Nervous System के बारे में अपने योग शास्त्र में इसे सुषुम्ना, ईडा और पिंगला ऐसी दो नाडियां बताई हैं। ईडा और पिंगला ये दोनों ही अपने शरीर में Sympathetic Nervous System का उद्भव करती है। माने उसका जड़तत्व जो है वो Sympathetic Nervous System है। अब ऐसा समझ ले कि परमात्मा ये Petrol अपने सिर में यहां से भर देते हैं और Petrol भरते वक्त वो कुछ ऐसी घटना घटित होती है कि प्रिज्म के अंदर से गुजरने वाले उनके किरण आपस में इस तरह से आकर के और फिर मुड़ जाते हैं, जिसे Reflect होना कहते हैं और फिर नीचे जाकर के उनकी ईडा और पिंगला, ऐसी दो नाडियां बनती है और जो बराबर बीचों-बीच शिखर पर से बीचों बीच उतरने वाले किरण, आपकी कुण्डलिनी बन करके जो त्रिकोणाकार अस्थि, अपने मज्जा तन्तुओं के नीचे बना हुआ है, उसमें वास करती है। इससे एक बात तो जाहिर हो गई कि हमारी कुण्डलिनी जो है वो ऐसी जगह बैठी हुई है जिसका संबंध सेक्स से कुछ नहीं है। अब आप गर किताबें पढ़े तो कुण्डलिनी शास्त्र पर तो आप सब जान जाइएगा कि ऐसा होता है, वैसा होता है, ये है वो है लेकिन कुण्डलिनी को उठाने वाले वो बहुत कुछ मुझे भी मिले हैं और मैंने भी जाने हैं वो सब Sympathetic से आपको ले जाते हैं, सुषुम्ना से उठाते नहीं है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

राल्फ बंचः जन्म- 7 अगस्त 1904 — जन्म

# विश्वास के बिना, कुछ भी संभव नहीं है

राल्फ बंच एक अमेरिकी राजनयिक, शिक्षाविद और नागरिक अधिकार नेता थे। उन्होंने 1949 के अरब-इजरायल युद्धविराम की मध्यस्थता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 1950 में नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाले पहले अफ्रीकी अमेरिकी थे। बंच ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राल्फ बंच का जन्म 7 अगस्त 1904 को हुआ था और उनका निधन 9 दिसम्बर 1971 को हुआ।



लोकतंत्र को कारगर बनाने के लिए, हमें सहभागियों का राष्ट्र होना चाहिए, न कि केवल पर्यवेक्षकों का। कोई युद्धप्रिय लोग नहीं हैं - केवल युद्धप्रिय नेता हैं। मूल प्रश्न यह नहीं है कि युद्ध रहित विश्व का निर्माण कैसे किया जाए, बल्कि यह है कि शांति के साथ विश्व का निर्माण कैसे किया जाए। हमें मानव परिवार के सदस्यों के रूप में अपनी हर चीज़ के लिए एक जाति के रूप में लड़ना चाहिए। युद्ध की तरह शांति भी तभी सफल हो सकती है, जब इसे लागू करने की इच्छा हो। हम शांति स्थापित करने से बढ़कर दुनिया में शायद ही किसी उच्च लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं। गलत को सही करने का तरीका उन पर सत्य की रोशनी डालना है। दिल तब सबसे मजबूत होते हैं, जब वे महान आदर्शों के प्रति प्रतिक्रिया में धड़कते हैं। लोकतंत्र की कुंजी न्याय की भावना का अभ्यास है। शांति को बल से नहीं रखा जा सकता; इसे केवल समझ से ही प्राप्त किया जा सकता है। शांति और प्रगति की खोज कुछ वर्षों, एक दशक या एक पीढ़ी में समाप्त नहीं हो सकती। शांति एक हज़ार मील की यात्रा है और इसे एक बार में एक कदम उठाया जाना चाहिए। हमें ब्रह्मांड के नैतिक चाप को न्याय की ओर मोड़ना चाहिए। मानव अधिकारों का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। शांति के लिए सभी को एक दायरे में होना चाहिए - पूर्णता, समावेश। विश्वास के बिना, कुछ भी संभव नहीं है। इसके साथ, कुछ भी असंभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र का मिशन अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान खोजना है। किसी भी स्वतंत्र समाज में, सामाजिक अनुरूपता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संघर्ष स्थायी है। शांति कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसकी आप कामना करते हैं; यह कुछ ऐसा है जिसे आप बनाते हैं, कुछ ऐसा जो आप करते हैं। हम शांति तभी पा सकते हैं जब हम शांति सिखाएँ। अपनी स्वतंत्रता के प्रति सच्चे रहना, संक्षेप में, सभी अन्य लोगों की स्वतंत्रता का सम्मान करना है। हमें भाईचारे और सहयोग के बंधन से एक साथ बंधे रहने का प्रयास करना चाहिए।

## प्रेरक प्रसंग

# समय चक्र

एक कसाई के पास चूहा, कबूतर और बकरी थे। रात को रोज चूहे की आवाज से वह परेशान हो जाता था। कसाई ने ठान लिया था कि पिंजरा लाऊंगा और जैसे ही पिंजरे में चूहा फंस जायेगा उसे जान से मार दूंगा। चूहे को जब पता चलता है,तो वह कबूतर के पास सहायता



के लिए जाता है। कबूतर बोलता है कि मेरा कोई लेना देना नहीं है कृपया आप मुझसे दूर रहो। बकरी के पास जाता है,तो सहायता के लिए बकरी बोलती है। अपना-अपना देखो। मै आपकी कोई सहायता नहीं कर सकती कसाई पिंजरा रख देता है। पिंजरे में टक करके आवाज आई तो कसाई तुरंत पिंजरे के पास जाता है वहां सांप होता है! सांप कसाई को काट लेता है। डाक्टर कहता है कि कबूतर का सूप पिलाओ काश उससे ठीक हो जाए। फिर कबूतर को मार दिया जाता है। कसाई सूप से ठीक हो जाता है,तो कसाई ठीक होने की खूशी में मांसाहारी भोजन बनवाता है,जहां बकरी को मार दिया जाता है। इस कहानी से सीख मिलती है कि समय चक्र बड़ा बलवान है। ध्यान रखिए ,जब भी कोई मुसीबत में सहायता के लिए आए उसे सहयोग करिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सुपर्णखा और शबरी में अंतर

(भाग 5)

'मित्रों ! तुम सब अब अपने-अपने घरों को जाओ ! पर घर जाकर घर के कामकाज करने मत लगना, अपितु - **भजहु मोहि दृढ़ नेम।**

**वहाँ जाकर मेरा भजन करना।**

पूछा जा सकता है कि 'यदि भजन ही करना है तो यहाँ आपके पास रहकर करना चाहिये ! आप तो घर भेज रहे हैं, वहाँ भजन कैसे होगा ?' इसका एक व्यावहारिक अर्थ है। एक विद्यार्थी साल भर अध्ययन करता है, पाठ याद करता है, पर जो कुछ सालभर में उसने पढ़ा या याद किया है, उसका पता तो परीक्षा के दिन ही चलता है। संस्कृत के एक श्लोक में वर्णन आता है कि एक विद्यार्थी को परीक्षा में कुछ न करते देखकर परीक्षक ने जब यह पूछा कि तुम पाठशाला में खूब ध्यान से बैठकर संस्कृत के श्लोकों और व्याकरण के सूत्रें को पढ़ा करते थे, पर आज क्या हो गया ? तो उत्तर में उस विद्यार्थी ने कहा - क्या करूँ ? गुरू-दक्षिणा में कुछ न कुछ दिया जाता है, मेरे पास देने के लिये कुछ और तो था नहीं, इसलिये जो कुछ गुरूजी से पढ़ा था, वही उन्हें



वापस कर दिया -

**यत्पठितं तद् गुरवे निवेदितम् ।**

भगवान राम मानो बंदरों को यह संकेत देना चाहते थे कि इस छः महीने की अवधि में यहाँ रहकर तुम लोग जो शिक्षा प्राप्त करते रहे उसकी परीक्षा तो घर जाकर ही होगी।'

व्यक्ति के परमार्थ की परीक्षा परमार्थ में नहीं, स्वार्थ में है भगवान् राम यह बताना चाहते हैं कि 'मित्रो ! यहाँ मेरे पास रहकर भजन करना तो बड़ा सरल है, पर तुम्हारे भजन की दृढ़ता की परीक्षा तो घर कर जाकर ही होगी। इसलिये भगवान् ने जो शब्द चुना वह बहुत महत्त्वपूर्ण है। वे कहते हैं कि अब गृह जाहु सखा सब भजेहु मोहि दृढ़ नेम। यह स्वाभाविक है कि हम ध्यान की स्थिति में, परमार्थ की स्थिति में बुराइयों से दूर रहें, पर जब हम स्वार्थ-साधन के लिये बाहर निकलेंगे तो उस समय असली समस्या सामने आयेगी। भगवान् राम बंदरों को यही संकेत देना चाहते हैं कि 'यदि तुम लोग यह मानते हो कि अयोध्या में रहकर, मेरे निकट रहकर मेरा भजन करना, मेरी सेवा करना ही मेरी भक्ति है, तो यह एक अधूरी दृष्टि है। क्योंकि अब तक तुम मुझे यहाँ अयोध्या में निवास करता हुआ देखते थे, मुझे मुझमें देखते थे। पर तुम लोग कितने दिनों तक अयोध्या में रहोगे ? मैं भी कितने दिनों तक यहाँ रहकर लीला करूँगा ? समय की सीमा होती है अतः तुम सब अपने-अपने घरों में जाकर मेरा भजन करो। और सदा सर्बगत सर्बहित जानि करेह अति प्रेम। यदि समाज के सब लोगों में, घर-परिवार के सभी संबंधियों में मैं दिखायी देने लगूँ और तुम उनकी सेवा इसी भावना से करो, तब इसका अर्थ होगा कि तुम सचमुच मुझे पहचान गये हो और तुम्हारी भक्ति दृढ़ है भगवान् राम यह बताना चाहते हैं कि वे सब, काल में हैं, सब देश में हैं और प्रत्येक व्यक्ति में हैं। यह बड़े महत्त्व का सूत्र है। इस प्रकार स्वार्थ और परमार्थ दोनों ही स्थितियों में सर्वत्र ईश्वर की अनुभूति कर उनसे प्रेम करना ही दृढ़ भक्ति है। भगवान् राम चित्रकूट को छोड़कर दण्डकारण्य में जाते हैं, उसके द्वारा वे यही बताना चाहते हैं कि व्यक्ति जब चित्त की भूमि से मन की भूमि में आता है तो व्यवहार की सब जटिलताएँ सामने आती दिखायी देती हैं।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।






# भगवान शिव को चढ़ाया जानेवाले
## बेलपत्र खाने के फायदे

बेलपत्र, जिसे भगवान शिव को चढ़ाने का विशेष महत्व है, आयुर्वेद में भी अपनी औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। बेलपत्र के पत्ते, छाल, और फल सभी का उपयोग स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है। यहाँ बेलपत्र के कुछ महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी जा रही है:



- पाचन तंत्र के लिए लाभकारी: बेलपत्र के सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है। यह अपच, गैस और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से पेट की समस्याओं में राहत मिलती है और भूख में भी सुधार होता है।
- मधुमेह नियंत्रण: बेलपत्र का नियमित सेवन मधुमेह के मरीजों के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और इंसुलिन की मात्रा को संतुलित रखने में मदद करता है।
- इम्यूनिटी बढ़ाए: बेलपत्र का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं, जिससे आप बीमारियों से बचे रहते हैं।
- दिल की सेहत के लिए: बेलपत्र दिल के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा माना जाता है। इसके सेवन से रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और हृदय की धमनियों में रक्त का संचार ठीक से होता है। यह हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम करने में सहायक हो सकता है।
- त्वचा और बालों के लिए: बेलपत्र का रस त्वचा की चमक बढ़ाने और बालों की समस्याओं को दूर करने में भी उपयोगी होता है। इसके एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण त्वचा और बालों के संक्रमण को रोकते हैं और उन्हें स्वस्थ बनाते हैं।
- दर्द और सूजन में राहत: बेलपत्र के पत्तों का लेप दर्द और सूजन वाले स्थान पर लगाने से राहत मिलती है। इसका उपयोग गठिया, जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों के खिंचाव में भी किया जाता है।
- श्वसन तंत्र के लिए: बेलपत्र का सेवन श्वसन तंत्र के रोगों, जैसे अस्थमा और ब्रोंकाइटिस में भी लाभकारी है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सांस से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं।

# तनाव में क्यों पसंद आता है फास्ट फूड



तनाव के समय लोग अक्सर ऐसे आहार की ओर आकर्षित होते हैं जो तुरंत आराम या संतुष्टि प्रदान कर सके। इस स्थिति में फास्ट फूड सबसे अधिक चुना जाने वाला विकल्प बन जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, तनाव में फास्ट फूड खाने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। आइए, इन कारणों को विस्तार से समझें और जानें कि ऐसा क्यों होता है।

### तनाव में फास्ट फूड खाने के कारण:

#### संतुष्टि का अनुभव:

फास्ट फूड में सामान्यतः उच्च मात्रा में चीनी, वसा और नमक होता है, जो हमारे मस्तिष्क को तुरंत संतुष्टि का अनुभव कराते हैं। जब व्यक्ति तनाव में होता है, तो वह जल्दी से राहत पाने के लिए कुछ ऐसा खाता है जो तुरंत आराम दे। फास्ट फूड इसी तात्कालिक संतुष्टि की जरूरत को पूरा करता है।

#### डोपामाइन का स्त्राव:

जब हम फास्ट फूड खाते हैं, तो हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन नामक केमिकल का स्त्राव होता है। डोपामाइन को 'खुशी का हार्मोन' भी कहा जाता है। तनाव के समय इस केमिकल की कमी हो सकती है, और फास्ट फूड का सेवन इसे बढ़ाने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति थोड़ी देर के लिए अच्छा महसूस करता है।

#### आसान उपलब्धता और सुविधा:

फास्ट फूड की एक बड़ी विशेषता इसकी आसानी से उपलब्धता और सुविधा है। तनाव के समय व्यक्ति को जल्दी और बिना किसी मेहनत के खाना चाहिए होता है। फास्ट फूड आसानी से मिल जाता है और इसे खाने में समय भी कम लगता है, इसलिए यह तनाव के समय एक लोकप्रिय विकल्प बन जाता है।

#### भावनात्मक आराम:

कई लोग फास्ट फूड को भावनात्मक आराम के रूप में देखते हैं। यह खाने का अनुभव उनके लिए एक 'कम्फर्ट फूड' की तरह होता है, जो बचपन या सुखद अनुभवों से जुड़ा हो सकता है। तनाव के समय व्यक्ति इस भावना को पुनः प्राप्त करने के लिए फास्ट फूड का सहारा लेता है।

#### खाने की आदतों का प्रभाव:

कई बार तनाव में फास्ट फूड खाने की आदत पहले से ही विकसित हो चुकी होती है। जब व्यक्ति बार-बार तनाव में फास्ट फूड खाता है, तो यह आदत बन जाती है। फिर हर बार तनाव का सामना करने पर वह इसी विकल्प को चुनता है।

तनाव में फास्ट फूड खाने के कई कारण हो सकते हैं, जो हमारे मस्तिष्क के रसायन, भावनात्मक स्थिति, और आदतों से जुड़े होते हैं। हालाँकि यह तात्कालिक राहत देता है, लेकिन लंबे समय में इसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, तनाव को मैनेज करने के लिए स्वस्थ विकल्पों को चुनना बेहतर होता है।

# बॉडी को टोन करने वाले बेहतरीन एक्सरसाइज



अगर आप अपने पूरे शरीर को टोन करना चाहते हैं, तो कुछ विशेष एक्सरसाइज आपकी मदद कर सकती हैं। ये एक्सरसाइज न सिर्फ आपके शरीर को मजबूत बनाती हैं, बल्कि मांसपेशियों को भी टोन करती हैं। इन्हें करना भी आसान है और आप इन्हें घर पर ही कर सकते हैं। यहाँ 5 ऐसी एक्सरसाइज बताई जा रही हैं जो आपके शरीर के हर हिस्से को टोन करने में सहायक हैं।

### 1. स्क्वाट्स (Squats):

स्क्वाट्स एक बेहतरीन एक्सरसाइज है जो आपके पैरों, जांघों और नितंबों को टोन करती है। इसे करने के लिए आप सीधे खड़े हो जाएं, फिर घुटनों को मोड़ते हुए नीचे बैठने की स्थिति में जाएं, जैसे कि आप किसी कुर्सी पर बैठ रहे हों। इसके बाद फिर से खड़े हो जाएं। इसे 15-20 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज आपके निचले शरीर को मजबूत और टोन करने में मदद करती है।

### 2. पुश-अप्स (Push-ups):

पुश-अप्स आपके ऊपरी शरीर, खासकर छाती, कंधों और बाजुओं को टोन करने के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। इसे करने के लिए, पेट के बल जमीन पर लेट जाएं और अपने हाथों और पैरों के बल शरीर को ऊपर उठाएं। फिर धीरे-धीरे शरीर को नीचे लाएं। इसे 10-15 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाने और उन्हें टोन करने में मदद करती है।

### 3. प्लैंक (Plank):

प्लैंक एक बहुत ही प्रभावी एक्सरसाइज है जो आपके पूरे कोर, यानी पेट, पीठ और कंधों को टोन करती है। इसे करने के लिए, आप पुश-अप की स्थिति में आएं और अपनी कोहनियों और पंजों के बल शरीर को सीधा रखें। इस स्थिति को 30-60 सेकंड तक बनाए रखें। प्लैंक से कोर मसल्स मजबूत होते हैं और शरीर का संतुलन बेहतर होता है।

### 4. लंजेस (Lunges):

लंजेस आपके पैरों और नितंबों को टोन करने के लिए बेहतरीन एक्सरसाइज है। इसे करने के लिए, आप सीधे खड़े हो जाएं और एक पैर को आगे बढ़ाएं। फिर धीरे-धीरे उस पैर के घुटने को मोड़ते हुए नीचे की ओर जाएं, जब तक कि आपका पिछला घुटना जमीन को न छूने लगे। फिर वापस खड़े हो जाएं और दूसरे पैर से इसे दोहराएं। इसे 10-15 बार प्रत्येक पैर के लिए करें। लंजेस आपके पैरों को मजबूत बनाने और नितंबों को आकार देने में मदद करती है।

### 5. बर्पीज़ (Burpees):

बर्पीज़ एक पूरी बॉडी वर्कआउट एक्सरसाइज है जो आपकी हार्ट रेट को बढ़ाने के साथ-साथ मांसपेशियों को भी टोन करती है। इसे करने के लिए, आप सीधे खड़े हों, फिर स्क्वाट की स्थिति में आएं और हाथों को जमीन पर रखें। इसके बाद, पैरों को पीछे की ओर धकेलते हुए पुश-अप की स्थिति में आएं। फिर से पैरों को वापस स्क्वाट पोजीशन में लाएं और कूदते हुए ऊपर की ओर उछलें। इसे 10-15 बार दोहराएं। बर्पीज़ से आपके पूरे शरीर की कैलोरी बर्न होती है और मांसपेशियों को टोन किया जा सकता है।

# अंडरआर्म्स में सूजन के कारण



अंडरआर्म्स में सूजन एक आम समस्या है, जो कभी-कभी गंभीर स्थिति का संकेत भी हो सकती है। यह सूजन दर्द, असहजता और अन्य लक्षणों के साथ हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके कई कारण हो सकते हैं, जो छोटी-मोटी समस्याओं से लेकर बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं तक हो सकते हैं। आइए, अंडरआर्म्स में सूजन के कुछ प्रमुख कारणों और उनसे जुड़े जोखिमों के बारे में जानें।

### अंडरआर्म्स में सूजन के कारण:

#### इन्फेक्शन या संक्रमण:

अंडरआर्म्स की सूजन का सबसे सामान्य कारण इन्फेक्शन होता है। यह बैक्टीरियल, वायरल या फंगल इन्फेक्शन के कारण हो सकता है। खासकर, अगर कोई कट या खरोंच हो और उस पर ध्यान न दिया जाए, तो संक्रमण फैल सकता है और सूजन का कारण बन सकता है।

#### लिम्फ नोड्स का बढ़ना:

शरीर में संक्रमण या किसी अन्य कारण से लिम्फ नोड्स (लसिका ग्रंथियों) का बढ़ना भी अंडरआर्म्स में सूजन का कारण बन सकता है। ये ग्रंथियां शरीर के इम्यून सिस्टम का हिस्सा होती हैं और संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। अगर शरीर में किसी भी प्रकार का संक्रमण या इन्फ्लेमेशन हो, तो ये ग्रंथियां सूज सकती हैं।

#### मासिक धर्म चक्र या हार्मोनल परिवर्तन:

महिलाओं में मासिक धर्म चक्र के दौरान या हार्मोनल परिवर्तन के कारण भी अंडरआर्म्स में सूजन हो सकती है। यह आमतौर पर मासिक धर्म के दौरान होता है और इसमें दर्द भी हो सकता है।

#### डिओडरेंट्स या एंटीपर्सपिरेंट्स का रिएक्शन:

कई बार डिओडरेंट्स या एंटीपर्सपिरेंट्स में मौजूद केमिकल्स के कारण अंडरआर्म्स की त्वचा में जलन या सूजन हो सकती है। इससे एलर्जी या रैशेज भी हो सकते हैं।

#### ब्रेस्ट कैंसर:

अंडरआर्म्स में सूजन कभी-कभी ब्रेस्ट कैंसर का संकेत भी हो सकती है, खासकर अगर यह लंबे समय तक बनी रहे या इसके साथ अन्य लक्षण जैसे गांठ महसूस हो। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

#### हाइड्राडेनाइटिस सपुराटिवा:

यह एक क्रॉनिक स्किन कंडीशन है जिसमें अंडरआर्म्स और अन्य क्षेत्रों में छोटे-छोटे फोड़े या गांठें बन जाती हैं। यह सूजन, दर्द और पस के साथ हो सकती है और इसे मैनेज करने के लिए चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ती है।

#### सलाह

अंडरआर्म्स में सूजन के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जो हल्के इन्फेक्शन से लेकर गंभीर स्थितियों तक हो सकते हैं। यदि सूजन लगातार बनी रहती है या इसके साथ अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देते हैं, तो चिकित्सा सलाह लेना महत्वपूर्ण है। सही समय पर पहचान और उपचार से समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**वृष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा।अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

**कन्या** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**तुला** यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी।

**मकर** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी।

**मीन** धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

# वास्तु के अनुसार करें अपने कपड़ों का चयन

वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार वस्त्रों का चयन करने से जीवन में आप अपार सफलता प्राप्त कर सकते हैं। क्या आप भी इसी अनुसार कपड़े यानी अपनी ड्रेस पहनते हैं। यदि नहीं तो जानिए वास्तु एवं ज्योतिष के अनुसार किस तरह करें वस्त्रों का चयन और किस वार को पहनें किस रंग के कपड़े।



#### कैसा होना चाहिए ड्रेस?

प्रतिदिन साफ-सुधरे वस्त्र पहनने चाहिए। गंदे वस्त्र से शुक्र का बुरा प्रभाव होता है।

इससे शुक्र ग्रह का शुभ प्रभाव बना रहता है वहीं दूसरे ग्रह भी शुभ असर देने लगते हैं।

आपकी ड्रेस या वस्त्र कटे फटे नहीं होना चाहिए। यह दरिद्रता निर्मित करते हैं।

ड्रेस का रंग भड़कीला या आंखों को चुभने वाला नहीं होना चाहिए।

जीवन में जल्दी से सफलता चाहते हैं तो पीले और इसी रंग से जुड़े कपड़े पहनें।

धन समृद्धि में वृद्धि और शांति के लिए सफेद रंग के वस्त्र पहनें।

पीला रंग गुरु और सफेद रंग शुक्र का यह दोनों ही रंग वास्तु शास्त्र में बहुत ही शुभ माने गए हैं। वार अनुसार भी पहन सकते हैं ड्रेसः

रविवारः इस दिन गुलाबी, नारंगी, संतरा, लाल और सुनहरे रंग के वस्त्र पहनना चाहिए। इससे शत्रुओं का नाश होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

**सोमवारः** इस दिन सफेद, क्रीम, सिल्वर और हल्के रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। गुलाबी, हल्का नीला और हल्का पीला रंग भी पहन सकते हैं। इससे जीवन में मानसिक शांति, सुख और समृद्धि आती है।

**मंगलवारः** इस दिन लाल, भगवा, संतरा, संतरा-पीला, सिंदूरी-संतरा जैसे रंग के वस्त्र पहनना चाहिए। इससे जीवन में स्फुर्ति, उत्साह और साहस का संचार होता है।

**बुधवारः** इस दिन हरा रंग पहनना शुभ होता है। इससे जीवन में शांति, संपन्नता, बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है।

**गुरुवारः** इस दिन पीले, नारंगी और संतरे रंग के वस्त्र पहनने से लाभ मिलता है। गुरु बलवान होता है और इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। खास बात यह कि इससे भाग्य और आयु में वृद्धि होती है। संतान सुख प्राप्त होता है।

**शुक्रवारः** इस दिन सफेद, लाल, गुलाबी, रंग-बिरंगे या प्रिंटेड वस्त्र पहनना चाहिए। इससे धन, समृद्धि, ऐश्वर्य और खुशी की प्राप्ति होती है।

**शनिवारः-** इस दिन गहरा काला, गहरा नीला, गहरा भूरा, गहरा हरा, जामुनी और बैंगनी रंग के वस्त्र पहनना चाहिए। इससे आत्मविश्वास और साहस बढ़ता है।



प्रियंका जैन
9769994439

IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### चतरा पुलिस की लापरवाही से भागा कैदी

**चतरा :** चतरा पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सोमवार को कुंदा पुलिस को चकमा देकर एक कैदी फरार हो गया। भागने वाला कैदी कमलेश यादव (पिता नंदू यादव) कुंदा थाना क्षेत्र के मदारपुर का रहने वाला हैं। हालांकि घटना के कुछ घंटे के अंदर ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फरार कैदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चार माह पूर्व कुंदा-पांकी पथ स्थित एकता गांव के जंगल में फाइनेंस कंपनी के एजेंट से लूटपाट हुई थीं, जिसमें वह शामिल था। लंबे समय से वह फरार चल रहा था। कुंदा पुलिस ने अभियान चलाकर उसे पकड़ा और चतरा व्यवहार न्यायालय में पेशी के लिए लाया। पेशी के बाद उसे जेल भेजा जा रहा था। इस दौरान होटल सेलिब्रेशन इन के समीप आरोपी कमलेश ने लघुशंका (पेशाब करने) का बहाना बनाकर पुलिस गाड़ी रोकवाया। पुलिस ने उसकी हथकड़ी खोली तो वह मौका पाकर वहां से फरार हो गया।

### महिला ने किया आत्मदाह

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक महिला ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर खुद को आग लगा ली। इससे हड़कंप मच गया। हालांकि, महिला को बचा लिया गया और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। जहां से हालत नाजुक होने पर महिला को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। इस घटना को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि भाजपा सरकार से जनता की नाउम्मीदगी का एक और दिल दहला देनेवाला हादसा तब हुआ, जब लखनऊ में मुख्यमंत्री जी के 'जनता दरबार' में पहुंची पीड़ित महिला ने नासुनवाई से हताश होकर अपने दुधमुंहे बच्चे को किनारे बैठाकर आत्मदाह कर लिया।

### डायलिसिस मशीन धूल खा रही, जांच के लिए टैक्नीशियन नहीं

**नैनवां।** विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं होने से उपजिला चिकित्सालय में स्थापित सुविधाओ का भी मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा। डायलिसिस मशीन स्टोर में धूल खा रही है तो बायो केमेस्ट्री पैथोलॉजी का कार्य प्रभावित हो रहा है। उपजिला चिकित्सालय के लिए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने लाखों रुपए की लागत की डायलिसिस मशीन खरीद ली। उपयोग में नही आने से धूल खा रही है। मशीन को स्थापित करने के लिए उपजिला चिकित्सालय में भेज दी। जबकि डायलिसिस मशीन को संचालित करने के लिए न विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त और न ही टेक्नीशियन। बिल बाउचर के अनुसार मशीन की खरीद 20 फरवरी को की गई थी।

# रोहिंग्या-बांग्लादेशी ही नहीं... नेपाल-भूटान वालों के भी बने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र

**एजेंसी । गोरखपुर**

फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) चलाने वाले सलमान की गिरफ्तारी के बाद उसकी गतिविधियों की जांच खुफिया एजेंसी ने शुरू कर दी है। सलमान करीब दो साल से गोला में ग्राहक सेवा केंद्र चला रहा था। इस दौरान उसने फर्जीवाड़ा कर कितने रोहिंग्या व बांग्लादेशी का जन्म प्रमाणपत्र बनाया है और कितने खातों से रुपये निकाले हैं, इसका पर्दाफाश उसके पास से मिले लैपटॉप से होगा। लैपटॉप खंगालने के बाद फर्जीवाड़ा कर देश में घुसे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की तलाश की जाएगी। बताया जा रहा है कि सलमान ने दो साल पहले यूनियन बैंक से समझौता कर ग्राहक सेवा केंद्र गोला में खोला था, जिसके माध्यम से वह देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हो गया था।

### सीएसपी के अनुबंध को समाप्त कर बंद करने की तैयारी



बैंक अब सीएसपी के अनुबंध को समाप्त कर उसे बंद करने की तैयारी शुरू कर चुका है। सीएसपी को बंद कराने के लिए पुलिस भी बैंक को पत्र भेजने की तैयारी कर रही है। वर्तमान में सीएसपी पर ताला लटका हुआ है, जबकि सलमान के साथ ही उसके भाई भी इस काम में हाथ बंटाते थे। इस घटना के बाद वे सीएसपी खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

### सलमान सोशल मीडिया के जरिए जालसाजों से जुड़ा

सलमान चार भाई और आठ बहन है। भाइयों में वह सबसे बड़ा है। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। सात बहनों की शादी हो चुकी है। एक बहन मानसिक रूप से बीमार है। दो भाई अलग रहते हैं तो वहीं सबसे छोटा भाई सलमान के साथ ही रहता है। घर पर मां और मानसिक रूप से बीमार बहन के साथ छोटा भाई मौजूद है। सलमान सोशल मीडिया के जरिए अन्य जालसाजों से जुड़ा था।

### परिवार नहीं रखता था किसी से अधिक संपर्क

गोला के तहसील चौराहे पर स्थित सलमान के ग्राहक सेवा केंद्र पर उसका छोटा भाई भी बैठता था। शुक्रवार को एटीएस की टीम जब पहुंची तो उस समय सलमान ही था। जानकारी होने पर छोटा भाई अरमान जब तक पहुंचा, टीम तब तक लैपटॉप के साथ ही सलमान को साथ लेकर लखनऊ निकल गई। रायबरेली में दर्ज केस में उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भिजवा दिया गया। खुफिया एजेंसी की जांच में सामने आया है कि सलमान का परिवार गोला कस्बे के वार्ड नंबर छह में रहता है। आसपास रहने वाले लोग परिवार की पूरी जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सलमान व उसके भाई ग्राहक सेवा केंद्र पर रहते थे। घर पर रहने वाली बहन व मां ज्यादा किसी से अधिक संपर्क नहीं रखती थीं।

## कलेक्ट्रेट पर फहराया उल्टा तिरंगा

**जिम्मेदार ने नहीं उठाई ठीक करने की जहमत**





**एजेंसी । आजमगढ़**

शासन की ओर से 13 अगस्त से हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार डीएम की अध्यक्षता में बैठक भी हुई। बैठक के दूसरे ही दिन कलेक्ट्रेट भवन पर उल्टा तिरंगा फहराया हुआ देखा गया, जिसे लेकर लोगों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया। लोगों के दिलों में राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना को जगाने के लिए शासन की ओर से हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी ही इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट भवन पर कर्मचारियों ने तिरंगा झंडा को उल्टा फहरा दिया। जबकि प्रतिदिन यह तिरंगा कलेक्ट्रेट पर फहराया जाता है और शाम के समय उतारा भी जाता है। अगर किसी कर्मचारी ने इसे उल्टा फहरा भी दिया तो किसी जिम्मेदार ने इसे देखने की जहमत नहीं उठाई।

## कांवड़िया की पिटाई का मामला

## सफाईकर्मी था पीड़ित युवक, मनबढ़ ने नाले के पास पटक कर पीटा

**एजेंसी । वाराणसी**



लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के हुकुलगंज स्थित एक मजार के पास बीती रात तीन मनबढ़ एक सफाई कर्मी से उलझ गए। सफाई कर्मी को खींच कर तीनों सड़क के दूसरे छोर पर ले गए और नाले के पास पटक कर उसे पीटा। इसके बाद तीनों ने उसे निर्वस्त्र कर भगा दिया। घटना सीसी कैमरे में कैद हुई है। घटना के संबंध में सोमवार की रात लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस को तहरीर दी गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए सीसी फुटेज के आधार पर तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### क्या है पूरा मामला ?

सावन के तीसरे सोमवार के मद्देनजर कांवड़ियों का जत्था रविवार की रात विश्वनाथ धाम की ओर जा रहा था। हुकुलगंज स्थित एक मजार के पास तीन लोग सड़क के बीच डिवाइडर पकड़ कर खड़े थे। सीसी फुटेज के अनुसार रात 12:30 बजे तीनों ने कुछ कांवड़ियों को रोक कर बातचीत की। बातचीत के बाद कांवड़िया आगे बढ़ गए। इसके बाद हुकुलगंज में रहने वाले सफाई कर्मी सन्नी डेविड से उन तीनों की कहासुनी हुई। भगवा रंग की टीशर्ट और सफेद रंग का गमछा पहने हुए सन्नी को तीनों मनबढ़ सड़क के एक छोर से खींच कर दूसरी ओर ले गए। इसके बाद उसके कपड़े उतार कर उसे मारने लगे। फिर उसे नाले के किनारे पटक कर पीटा और उसके सारे कपड़े उतार कर उसे भगा दिए। इस संबंध में लालपुर पांडेयपुर थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि आरोपियों को चिह्नित कर लिया गया है। तीनों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

## लोहरदगा में आटा चक्की ब्लास्ट

**एक युवक की मौत ▸▸ दो बच्चे घायल**

**एजेंसी । लोहरदगा**



लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा जंगल मोहल्ले के समीप आटा चक्की ब्लास्ट होने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी, जबकि दोनों बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### गेहूं की पिसाई के दौरान चक्की ब्लास्ट

लोहरदगा जिले के सेन्हा जंगल मोहल्ला निवासी महबूब अंसारी का 21 वर्षीय पुत्र असफाक अंसारी घर पर गेहूं पिसाई का काम करता था। वह मंगलवार को भी गेहूं की पिसाई कर रहा था। उसी दौरान अचानक चक्की ब्लास्ट कर गया, इससे आटा चक्की चला रहा असफाक अंसारी घायल हो गया। वहीं पर खड़ा 6 वर्षीय तंजील अंसारी और 3 वर्षीय साकिब अंसारी भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा ले जाया गया, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# सीएम हेमंत सोरेन का अफसरों को निर्देश

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी समस्याओं को जल्द करें दूर

**एजेंसी । रांची**

सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY) में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों, उपायुक्तों और सीएससी के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ लेने में लाभुक दीदी-बहनों को आ रही कठिनाइयों को जल्द से जल्द दूर करें, ताकि किसी भी जरूरतमंद को लाभ लेने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विभाग जल्द दिशा-निर्देश जारी करे। सर्वर डाउन समेत अन्य तकनीकी कारणों से महिलाओं को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है और वे निराश होकर बैरंग घर लौटने पर मजबूर हैं।



### विशेष कैंप में आवेदन करने में हो रही परेशानी

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आयोजित विशेष कैंप में लाभुकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं का हुजूम कैंप में उमड़ रहा है, लेकिन पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण महिला लाभुक आवेदन नहीं कर पा रही हैं। इस कारण लाभुकों में निराशा देखी जा रही है। पूरे झारखंड से इस बाबत शिकायत मिलने पर सीएम हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लिया और अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करने को कहा। हालांकि इसे देखते हुए आवेदन करने की तारीख बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गयी है। 21 से 50 वर्ष तक की महिलाएं 15 अगस्त तक इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकती हैं। झारखंड में तीन अगस्त से शुरू किए गए विशेष कैंप में हर जगह से शिकायतें आ रही हैं।

## तस्करी के लिए स्कार्पियो से ले जा रहे पांच पशु पकड़ाये

**एजेंसी । गोमो**

हरिहरपुर पुलिस ने विभाग के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार रात थाना क्षेत्र के अमलखोरी स्थित एनएच–2 पर स्कार्पियों में ले जा रहे पांच गोवंशीय पशु को मुक्त कराया गया। इस दौरान पुलिस ने चालक तथा खलासी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरिहरपुर पुलिस को रविवार की रात पशु तस्करी होने की गुप्त सूचना मिली थी। उसे लेकर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल, सब-इंस्पेक्टर नारायण यादव तथा जवानों ने अमलखोरी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसरी से धनबाद की ओर जा रही एक सफेद रंग की स्कार्पियो संख्या डब्ल्यूबी 16एजे/6523 को जांच के लिए रोका गया तो वाहन के अंदर का नजारा देख सभी दंग रह गए। स्कॉर्पियो में सामने की दोनों सीट छोड़ कर बीच तथा पीछे की सीट को हटा दिया गया था। उसमें पांच गौवंशीय पशु की गर्दन मोड़ कर प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिया गया था। तीन गायों के ऊपर एक गाय तथा एक बैल को ठूस कर रखा गया था।

## बिहार के 175 स्कूलों के प्राचार्यो को शिक्षा विभाग ने दी चेतावनी

**एजेंसी । सारण**

बिहार के सारण जिला के सरकारी विद्यालयों में 50,000 विद्यार्थी शक के घेरे में आ गए हैं। बिहार सरकार के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर विद्यार्थियों का आधार नम्बर अपलोड नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग ने सख्ती से पेश आते हुए 175 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को चेतावनी दी है। शिक्षा विभाग ने कहा आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में बच्चों को पाठ्यपुस्तक, पोषाक, एफएलएन किट आदि लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। सारण जिला के 17 प्रखंडों के 175 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को नोटिस भेजा था। जिसमें विद्यार्थियों का आधार नम्बर ई-शिक्षा कोष के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया था।

## व्यापार जगत

# दिन के ऊपरी स्तर से 1259 अंक गिरा सेंसेक्स

**▸▸ 166 अंक नीचे 78,593 के स्तर पर बंद**

**▸▸ रियल एस्टेट शेयरों में तेजी रही**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सेंसेक्स 6 अगस्त को 166 पॉइंट (0.21%) गिरकर 78,593 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के ऊपरी स्तर से इसमें 1259 अंकों की गिरावट देखने को मिली। वहीं निफ्टी 63 पॉइंट (0.26%) गिरकर 23,992 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार में सबसे ज्यादा निफ्टी रियल्टी 0.84% चढ़ा। मेटल और आईटी इंडेक्स करीब आधा फीसदी चढ़े। सरकारी बैंक का इंडेक्स सबसे ज्यादा 1.26% गिरा। ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल भी करीब आधा फीसदी गिरा। निफ्टी के 50 शेयरों में से 21 में तेजी और 29 में गिरावट रही।

### अमेरिकी बाजार में लगभग 2 साल की सबसे बड़ी गिरावट



सोमवार को अमेरिकी बाजार S&P 500 3% गिर गया, सितंबर 2022 के बाद ये इसका सबसे खराब दिन रहा। इस गिरावट के साथ इंडेक्स जुलाई में अपने ऑलटाइम हाई से 8.5% नीचे आ गया, लेकिन यह अभी भी 2024 में 8.7% ऊपर है। बाजार को गिराने में सबसे आगे टेक कंपनियों के स्टॉक रहे। एपल के शेयर में 4.8% की गिरावट आई, जबकि मेटा और एनवीडिया में 2.5% और 6.4% की गिरावट देखी गई। इकोनॉमिक स्लोडाउन के कारण अमेरिकी बाजारों में ये गिरावट आई है।

### बाजार से जुड़ी 4 बड़ी बातें

- **रिजर्व बैंक की मीटिंग :** रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज से शुरू हुई है। 8 अगस्त 2024 को RBI गवर्नर शक्तिकांत दास मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी देंगे। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि RBI ब्याज दरें 6.5% पर अपरिवर्तित रहेंगी।
- **कंपनियों के तिमाही नतीजे :** इस हफ्ते 900 से ज्यादा कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे आएंगे। आज टाटा पावर, TVS मोटर्स, बाटा, रेमंड जैसी कंपनियां अप्रैल–जून तिमाही के नतीजे जारी हो रहे हैं। कंपनियों के नतीजों का असर बाजार के सेंटीमेंट पर पड़ता है।
- **ग्लोबल मार्केट की चाल :** सोमवार को अमेरिकी बाजार डाओ जोंस 2.60% गिरकर 38,703 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 3.43% गिरा। ये 16,200 के स्तर पर बंद हुआ। आज एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 10% ऊपर बंद हुआ।
- **विदेशी और घरेलू निवेशक :** फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (FIIs) ने 5 अगस्त को 10,073.75 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (DII) ने 9,155.55 करोड़ के शेयर खरीदे। यानी, विदेशी निवेशक अभी भी बिकवाली कर रहे हैं।

## बैंकों के खाते में हजारों करोड़ रुपए ऐसे हैं, जिनका कोई दावेदार नहीं

# बैंक खाते में बनाए जा सकेंगे चार नॉमिनी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पिछले शुक्रवार केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सरकार ने बैंकिंग नियमों में कुछ बड़े बदलावों को मंजूरी दी है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव बैंक खाते के नॉमिनी को लेकर किया गया है। नया नियम लागू होने से किसी भी बैंक खाते में चार नॉमिनी बनाए जा सकेंगे। संसद में बिल पेश होने के बाद ही इसके बारे में ज्यादा खुलासा होगा। कुछ समय पहले ही आरबीआई ने खाता खुलवाते समय ही नॉमिनी का नाम भरा जाना अनिवार्य किया था। उससे पहले बिना नॉमिनी के भी खाते खुल सकते थे, क्योंकि फार्म में इस कॉलम को भरा जाना वैकल्पिक था। नॉमिनी के बिना खोले गए खातों की बड़ी संख्या के चलते ही आज देश के बैंकों में 78,000 करोड़ रुपये यूं ही रखे हैं, मगर कोई दावा करने नहीं आता। इन बदलावों का मकसद ग्राहक को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना है। पिछले दिनों जानकारी में आया था कि अलग-अलग बैंकों के खाते में हजारों करोड़ रुपये ऐसे हैं, जले जिनका कर कोई दावेदार नहीं है। इसको लेकर आरबीआई की तरफ से विशेष अभियान भी चलाया गया था। उसके संतोषजनक परणिाम सामने न आने से नयिमों बदलाव करने की तैयारी की जा रही है।



### पीपीएफ में भी मिलेगी सुविधा

सार्वजनिक भविष्य निधि खाते यानी पीपीएफ में भी एक से ज्यादा नॉमिनी तय करना संभव होगा। आरबीआई ने म्यूचुअल फंड और दूसरी वित्तीय कंपनियों को यह आदेश दयिा था कि वे दावारहित राशि को उनके सही मालिकों को लौटाएं लेकिन इसके बावजूद मार्च 2024 के अंत तक ऐसा राशि बढ़कर 78,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। बैंकों ने कई बार ऐसी रकम के दावे निपटाने की कोशिश की थी। इसके अलावा कानून में यह बदलाव करने की भी योजना है कि अगर किसी के पास शेयरों का बोनस या बॉन्ड का पैसा पड़ा है और उसका दावा नहीं किया जाता है तो उसे इन्वेस्टर एजुकेशन प्रोटेक्शन फंड में स्थानांतरित किया जा सके। अभी सिर्फ बैंकों के शेयर ही इस फंड में स्थानांतरित होते हैं।

### अभी का नियम

अभी जब आप बैंक खाता खुलवाते हैं तो आपको एक नॉमिनी का नाम दर्ज करना होता है। इसका मकसद आपकी मृत्यु के बाद खाते में जमा पैसे को उस व्यक्ति को देना होता है। अभी आप इसके लिए एक ही शख्स का नाम नॉमिनी में लिख सकते थे, लेकनि अब केंद्रीय कैबनिट की तरफ से दी गई मंजूरी के बाद नए नयिम के तहत आप एक से ज्यादा लोगों को अपने खाते में नॉमिनी बना सकेंगे। इसके अलावा, बीमा और हिंदू अविभाजित परिवार खाते की तरह, लगातार और एक साथ नॉमिनी बनाने की सुविधा से संयुक्त खाताधारक और वारिसों को खाताधारक की मौत के बाद पैसा मिल सकेगा।

## पहली तिमाही में TVS का मुनाफा 23% बढ़कर 577 करोड़

### रेवेन्यू 16% बढ़कर 8,376 करोड़, अप्रैल-जून में कंपनी ने 10.87 लाख गाड़ियां बेचीं

**एजेंसी । मुंबई**

ऑटोमोबाइल कंपनी TVS मोटर्स को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 577 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 23% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 468 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। अप्रैल-जून तिमाही में TVS मोटर्स का कॉसॉलिडेटेड ऑपरेशनल रेवेन्यू (संचालन से आय) सालाना आधार पर 16% बढ़कर 8,376 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 7,218 करोड़ रुपए रहा था।

### टोटल इनकम 15.65% बढ़कर 8,412 करोड़ रुपए रहा





पहली तिमाही में टोटल इनकम की बात करें तो, TVS मोटर्स ने 8,412 करोड़ रुपए की कमाई की है। सालाना आधार पर यह 15.63% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने टोटल 7,275 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कंपनी ने आज (मंगलवार, 6 अगस्त) पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। TVS मोटर्स का शेयर आज (मंगलवार, 6 अगस्त) 0.78% गिरावट के बाद 2,474 रुपए के स्तर पर बंद हुआ।

## ICICI बैंक ने FD पर ब्याज बढ़ाया

### फिक्स्ड डिपॉजिट पर अब मिलेगा 7.80% तक का रिटर्न

**एजेंसी । मुंबई**

ICICI बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर इंटरेस्ट रेट्स बढ़ा दिए हैं। अब ICICI बैंक में FD कराने पर सामान्य नागरिकों को 7.25% और सीनियर सिटीजन को 7.80% तक का ब्याज मिलेगा। बैंक ने इंटरेस्ट रेट्स 3 करोड़ रुपए से कम की FD पर बढ़ाए हैं। नई ब्याज दरें 6 अगस्त से लागू हो गई हैं। अब आपको ICICI बैंक में FD कराने पर आम नागरिकों को 3.00% से लेकर 7.25% तक ब्याज मिलेगा। वहीं अगर वरिष्ठ नागरिकों की बात करें तो उन्हें यहां FD कराने पर उनको 3.50% से लेकर 7.80% तक ब्याज मिलेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने हाल ही में 'अमृत वृष्टि' नाम से नई डिपॉजिट स्कीम शुरू की है। इस स्कीम के तहत 444 दिनों के लिए FD कराने पर 7.25% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7.75% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा। इस स्कीम में निवेश करने के लिए आप बैंक के ब्रांच जाकर भी निवेश कर सकते है। वहीं नेट बैंकिंग और SBI YONO ऐप के जरिए भी इसमें निवेश किया जा सकता है।

## वेदांता का मुनाफा 54% बढ़कर 5,095 करोड़

**एजेंसी । मुंबई**

मेटल एंड माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 54% बढ़कर 5,095 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 3,308 करोड़ रहा था। वेदांता ने 6 अगस्त को पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू यानी आय में सालाना आधार पर 6% की बढ़ोतरी रही है।

**पहली तिमाही में आय 6% बढ़कर 35,239 करोड़ रही**

**शेयर ने एक साल में दिया 74% रिटर्न**

### पहली तिमाही में रेवेन्यू 35,239 करोड़ रहा





FY25 की पहली तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 35,239 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की पहली तिमाही में रेवेन्यू 33,342 करोड़ रहा था। वेदांता का शेयर आज 0.18% बढ़कर 414 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर ने अपने निवेशकों को 74% का रिटर्न दिया है। बीते 6 महीने में शेयर 46.29% चढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप 1.54 लाख करोड़ रुपए है।

दो बजे दोपहर

बुधवार, 7 अगस्त 2024



# वनडे सीरीजः श्रीलंका से तीसरा मैच आज, मेहमान टीम की नजर 100वीं जीत पर

तीन मैच की सीरीज में मेजबान टीम 1-0 से आगे

**नंबर गेम**

- 170 मैच दोनों टीमों के बीच अब तक हो चुके
- 99 मैच भारत ने जीते, 58 हारे, 11 बेनतीजा, दो टाई

# टीम इंडिया के सामने 27 साल बाद वनडे सीरीज बचाने की चुनौती



**एजेंसी । कोलंबो**

पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका का सामना करेगी। भारत के लिए यह मुकाबला अहम है क्योंकि उसके सामने 27 साल बाद सीरीज बचाने की चुनौती है। इसके साथ ही उसे श्रीलंका के खिलाफ 100वीं वनडे जीत का भी इंतजार है।

**सचिन की टीम हारी थी**

भारत को श्रीलंका से आखिरी बार 1997 में वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। तब अर्जुन रणतुंगा की अगुआई वाली टीम ने सचिन तेंदुलकर की टीम को तीनों मैच में हराया था। दोनों के बीच तब से 11 वनडे सीरीज हो चुकी हैं और सभी में भारतीय टीम विजयी रही। भारत मौजूदा सीरीज को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह सीरीज बराबर करने पर टिकी हैं।

**स्पिनरों से खतरा**

गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे सीरीज है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे। अगर भारत को जीतना है तो स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ भारत का कोई अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है। रोहित ने पिछले मैच में 44 गेंद पर 64 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। भारत के अन्य बल्लेबाजों को भी कप्तान से सीख लेने की जरूरत है। स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन भी नहीं समझ पाए। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक स्पिनरों को सामने बेबस नजर आ रहे हैं।



**कोहली की फॉर्म से चिंता**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरुआत को आगे बढ़ाने की जरूरत है लेकिन अभी तक वह इसमें नाकाम रहे हैं। उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ पारी संवारनी होगी। भारत इस मैच में दुबे की जगह रियान पराग को मौका दे सकता है जो स्पिनरों को अच्छी तरह खेलते हैं। उनकी स्पिन गेंदबाजी टीम के लिए अतिरिक्त बोनस होगी क्योंकि भारतीय गेंदबाज भी अभी तक श्रीलंका के स्पिनरों की तरह प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।



# मीराबाई चानू की नजर पेरिस में ऐतिहासिक पदक पर

- 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगी मीराबाई
- 202 किग्रा वजन उठाकर टोक्यो में जीता था रजत

**एजेंसी । पेरिस**

टोक्यो ओलंपिक में रजत जीत कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू बुधवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में पोडियम पर पहुंच दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी। गुरुवार को 30 साल की होने वाली मीराबाई 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगी।

**चोटों से परेशान रहीं**

मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीत भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थीं। लेकिन उसके बाद वह चोटों से परेशान रहीं जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाईं। मीराबाई की नजर जहां अपने प्रतिद्वंद्वियों के प्रदर्शन पर होगी, वहीं उन्हें खुद को मिलने वाली चुनौती से भी पार पाना होगा।

**आसान नहीं राह**

उत्तर कोरिया की एशियाई खेलों की चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी री सोंग गम की अनुपस्थिति के बावजूद प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी है और पिछले एक महीने से पेरिस में तैयारी कर रही मीराबाई को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहीं तो रजत या कांस्य जीत सकती हैं। इस वजन वर्ग में चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई फिर स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं।

# ताहिती में ओलंपिक सर्फिंग सेमीफाइनल के दौरान दिखी 'व्हेल



**एजेंसी । ताहिती**

ताहिती में पेरिस ओलंपिक खेलों की सर्फिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन जब सभी की निगाहें समुद्र में अपना कौशल दिखा रहे खिलाड़ियों पर टिकी थीं तभी वहां एक नया दर्शक पहुंच गया जो थी-एक व्हेल मछली। ब्राजील की तातियाना वेस्टन वेब और कोस्टा रिका की ब्रिसा हेनेसी जब सेमीफाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा कर रहे थीं, तभी वहां व्हेल पहुंच गई। वह हालांकि खिलाड़ियों से सुरक्षित दूरी पर थी और इसलिए प्रतियोगिता जारी रही। लेकिन दर्शकों और फोटोग्राफरों की निगाहें खिलाड़ियों से हटकर व्हेल पर टिक गईं और उन्होंने इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर लिया। वैसे दुनिया भर में सर्फिंग के दौरान पक्षियों, सील और यहां तक कि शार्क का दिखना आम बात है।

# पादुकोण ने आलोचना की तो भड़कीं अश्विनी पोनप्पा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ओलंपिक के बैडमिंटन कांस्य मुकाबले में लक्ष्य सेन की चौंकाने वाली हार के बाद महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण द्वारा आलोचना का अश्विनी पोनप्पा ने जवाब दिया है। युगल खिलाड़ी पोनप्पा ने कहा कि उनकी टिप्पणियां 'खुद की जवाबदेही से बचने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ने जैसी हैं।



सेन सोमवार को शुरुआती गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में 8-3 की बढ़त गंवा मलेशिया के ली जी जिया से हार गए और कांस्य जीतने से चूक गए थे।

इस हार पर प्रकाश पादुकोण ने कहा था कि अब समय आ गया है कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखें, जवाबदेह बनें और सरकार से पूरा समर्थन मिलने के बाद परिणाम देना शुरू करें।



**पोनप्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा**

महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ ग्रुप चरण से बाहर होने वाली पोनप्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह देखकर निराशा हुई। अगर कोई खिलाड़ी जीतता है, तो हर कोई श्रेय लेने को तैयार रहता है। अगर वे हार जाते हैं तो यह सिर्फ खिलाड़ी की गलती कैसे है? खिलाड़ियों को तैयार करने में कमी के लिए कोच को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाता?

# फुटबॉल खिताब के लिए भिड़ेंगे स्पेन और फ्रांस

**एजेंसी । मार्सिले**

पेरिस ओलंपिक में पुरुष फुटबॉल खिताब के लिए स्पेन और फ्रांस के बीच मुकाबला होगा। पिछले 32 वर्षों में यह पहला अवसर होगा जबकि यूरोप की कोई टीम स्वर्ण पदक जीतेगी। बार्सिलोना ओलंपिक 1992 में स्वर्ण पदक जीतने वाले स्पेन ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद स्थानापन जुआनलू सांचेज के गोल से मोरक्को को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी और रिकॉर्ड पांचवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस ने एक अन्य सेमीफाइनल में मिस्र को 3-1 से पराजित किया। मिस्र और मोरक्को के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। सांचेज ने 85वें मिनट में गोल करके स्पेन को फाइनल में पहुंचाया। इससे पहले टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले सूफियाने रहीमी के 37वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदलने से मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था। उसके बाद फर्मिन लोपेज ने 65वें मिनट में स्पेन की तरफ से बराबरी का गोल किया। स्पेन की महिला टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका सामना ब्राजील से होगा।



# साउथ एक्ट्रेस पायल राजपूत की फिल्म 'मंगलवार' अब हिंदी में 9 अगस्त को ज़ी सिनेमा पर होगी रिलीज

पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ स्टारर साउथ की ब्लॉकबस्टर एक्शन हॉरर फिल्म मंगलवारम अब हिंदी में 'मंगलवार' के नाम से 9 अगस्त 2024 को ज़ी सिनेमा पर प्रीमियर होने जा रही है। इस फ़िल्म में पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ ने अभिनय किया है। ईगल होम एंटरटेनमेंट्स के निदेशक सुरेंद्र सुनेजा फिल्म मंगलवार की रिलीज़ को लेकर काफी रोमांचित हैं।

फ़िल्म मंगलवार रहस्य और हॉरर से भरपूर फिल्म है, जिसने सिनेमाघरों में पहले ही धूम मचा दी है। प्रतिभाशाली पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ अभिनीत इस ब्लॉकबस्टर ने आकर्षक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद, मंगलवार एक सनसनी बन गई और सबसे ज्यादा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली फिल्मों में से एक बन गई, जिसने कुछ ही दिनों में डिज्नी स्टार पर 150 मिलियन व्यूज मिनट के साथ अपनी सफलता का परचम लहरा दिया। अब फ़िल्म 'मंगलवार' टीवी के दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है, क्योंकि इसका प्रीमियर 9 अगस्त 2024 को हिंदी में दुनिया भर में ज़ी सिनेमा पर होने जा रहा है।



फ़िल्म मंगलवार न केवल एक दिल छू लेने वाली कहानी है बल्कि एक एहसास भी है, जिसे आप देखते समय महसूस करेंगे। 'आरएक्स 100' और 'महा समुद्रम' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक अजय भूपति ने इस फ़िल्म को बाकी फिल्मों से काफी अलग बनाया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के जंगलों में सैकड़ों कलाकारों के साथ लगातार 75 दिन और रात शूटिंग की है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी निभाएंगे जज उपेंद्र नाथ राजखोवा की भूमिका

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म इसी साल 28 जून को ZEE5 पर रिलीज हुई थी। अब नवाज की आगामी फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। उनके हाथ एक बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह जज उपेंद्र नाथ राजखोवा की भूमिका निभाते हुई नजर आएंगे। नवाज के भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी और निर्माता ने खुद इस खबर पर मुहर लगाई है।



**नवाज के भाई फैजुद्दीन कर रहे फिल्म का निर्माण**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवाज की इस फिल्म का निर्माण उनके भाई फैजुद्दीन कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी उपेंद्र की गिरफ्तारी से लेकर फांसी तक की घटनाओं पर आधारित होगी। नवाजुद्दीन ने कहा, 'मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। उपेंद्र नाथ राजखोवा की भूमिका निभाने के लिए मेरे भाई नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बेहतर कौन हो सकता है। मुझे अपने भाई के साथ इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' उपेंद्र असम के ढुबरी जिले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात थे। 1970 में वह सेवानिवृत होने वाले थे। हालांकि, उन्होंने सरकारी बंगला खाली नहीं किया। इसी बीच उनकी पत्नी और तीन बेटियां अचानक गायब हो गईं। बाद में उपेंद्र ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उन्होंने ही अपनी पत्नी और बेटियों की हत्या की है। 1976 में जोरहट जेल में उपेंद्र को उनकी पत्नी और बेटियों की हत्या के जुर्म में फांसी दे दी गई।



# 'स्त्री 2' का गाना 'तुम्हारे ही रहेंगे हम' हुआ जारी

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की दूसरी किस्त 'स्त्री 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब निर्माताओं ने 'स्त्री 2' का नया गाना 'तुम्हारे ही रहेंगे हम' जारी कर दिया है, जिसे वरुण जैन, शिल्पा राव और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है, वहीं फिल्म की कहानी निरेन भट्ट ने लिखी है। दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे इसके निर्माता हैं। बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' का सामना अक्षय कुमार और तापसी पन्नू की फिल्म 'खेल खेल में' से होने वाला है। इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी आगामी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# 'ओल्ड मनी' का प्रोमो वीडियो जारी



पंजाबी गायक एपी ढिल्लों का नया गाना 'ओल्ड मनी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब से इस गाने की घोषणा हुई है, तब से यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह गाना इसलिए ज्यादा खास है, क्योंकि इसमें एपी के साथ संजय दत्त और सलमान खान भी नजर आएंगे। अब सलमान ने 'ओल्ड मनी' गाने का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें एमी के साथ सलमान की भी झलक दिख रही है। सलमान ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'ओल्ड मनी' गाने का प्रोमो साझा किया है, जिसमें भाईजान को एपी और उनके दोस्त के साथ तनावपूर्ण बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सलमान, एपी को एक सलाह देते हुए नजर आ रहे हैं। टीजर में संजय की झलक देखने को नहीं मिली है। सलमान ने गाने की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

# 'बॉर्डर 2' होगी भारत की सबसे बड़ी वॉर ड्रामा फिल्म




जब से फिल्म सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' के सीक्वल 'बॉर्डर 2' का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। वे फिल्म के हर छोटे-बड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है।

**तैयार हो चुकी है 'बॉर्डर 2' की कहानी**

बिनॉय ने कहा, 'फिल्म 'बॉर्डर 2' भारत की अब तक की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म होगी। मेरी पत्नी निधि दत्ता ने इस फिल्म की कहानी लिखी है, जो तैयार हो चुकी है। स्टार कास्ट की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एक महीने के भीतर हम एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं, जहां हम पूरी स्टार कास्ट को उनके किरदारों के साथ दिखाने जा रहे हैं।'

**यादगार फिल्मों में से एक है 'बॉर्डर'**

अनुराग सिंह ने 'बॉर्डर 2' के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता इसके निर्माता हैं। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। 10 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 'बॉर्डर' में सनी के साथ सुनील शेट्टी और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

# संजय दत्त नहीं हुए 'सन ऑफ सरदार 2' से बाहर

अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म 'सन ऑफ सरदार' (2012) के सीक्वल का ऐलान हो गया है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। चर्चा है कि संजय दत्त इस फिल्म से बाहर हो गए हैं। कारण बताया गया कि अभिनेता को ब्रिटेन का वीजा नहीं मिल पाया और फिल्म की शूटिंग के लिए वहां जाना था। रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेता-सांसद रवि किशन को संजय की जगह कास्ट किया गया है। हालांकि, इन खबरों में सच्चाई नहीं है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, संजय 'सन ऑफ सरदार' के सीक्वल से बाहर नहीं हुए हैं। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, 'संजय दत्त फिल्म का अभिन्न हिस्सा बने रहेंगे। अभिनेता भारत के शेड्यूल के लिए बड़े पैमाने पर शूटिंग करेंगे, क्योंकि इस किरदार के लिए स्क्रीन पर महत्वपूर्ण उपस्थिति की आवश्यकता है।' रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रवि को फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना गया है। करीब 12 साल बाद 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल बन रहा है। अजय फिल्म में अपनी दमदार वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि, सोनाक्षी सिन्हा का फिल्म से पत्ता कट गया है। वह अपनी भूमिकाएं दोबारा नहीं निभाएंगी। लीड हीरोईन के लिए निर्माताओं ने मृणाल ठाकुर से संपर्क किया है।

न्यूज़ ब्रीफ

### अब पूरे हरियाणा में एनजीटी ने जहां तहां कूड़ा फेंकने पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** प्रभात कुमार आप उत्तर प्रदेश के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पूरे हरियाणा में चिन्हित जगहों को छोड़कर जहां-तहां कूड़ा कचरा फेंकने या जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रिब्यूनल ने कहा है कि गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित हरियाणा के सभी जिलों या कस्बों में कहीं भी सड़क के किनारे, नदी-नाले, खादर झीलें, के साथ-साथ सरकारी भूमि पर कूड़ा कचरा फेंकने या जलाने पर प्रतिबंध होगा।

### कई सदस्यों ने प्रदर्शन से परेशानी की शिकायत की: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक बार फिर सदस्यों को संसद भवन के गेट पर विरोध प्रदर्शन नहीं करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने यह तय किया था कि वह संसद भवन के गेट पर प्रदर्शन नहीं करेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि कई सांसदों ने उन्हें शिकायत की है कि विरोध प्रदर्शन की वजह से उन्हें संसद भवन में आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कई महिला सांसदों की तरफ से भी उन्हें इस बारे में पत्र मिला है। इसलिए, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए। इस पर कांग्रेस के सदस्य खड़े हो गए। संसद भवन के बाहर एक सदस्य ने कहा कि महात्मा गांधी की मूर्ति को हटाकर दूसरी जगह लगा दिया गया। ऐसे में विपक्ष कहां जाकर प्रदर्शन करे। विपक्ष का कहना था कि सरकार उन्हें कोई जगह बताए।

### बीएसएफ महानिदेशक ने सीमावर्ती इलाकों का किया दौरा

**कोलकाता।** बांग्लादेश में जारी अशांति के बीच बीएसएफ के महानिदेशक (कार्यवाहक) दलजीत सिंह चौधरी ने पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में स्थित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ कई बैठकें कीं। दलजीत सिंह चौधरी ने कई अन्य वरिष्ठ कमांडरों के साथ उत्तर 24 परगना जिले के बोंगांव में स्थित पेट्रापोल सीमा का भी दौरा किया। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भूमि बंदरगाह पेट्रापोल में है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार के लिए महत्वपूर्ण जगह है। वहीं, बीएसएफ ने बयान में कहा, स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत कर दी गई है। हम बेहतर समन्वय के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के संपर्क में हैं। बीएसएफ के अनुसार, पड़ोसी देश में हिंसा के मद्देनजर सोमवार को 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया।

### रील बनाने के चक्कर में 12वीं का छात्र झुलसा

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में 17 वर्षीय किशोर उच्च दबाव वाली बिजली की तार के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गया। वह टांडा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की छत पर चढ़कर रील बनाना चाहता था। जालंधर रेलवे पुलिस निरीक्षक पलविंदर सिंह ने बताया कि पीड़ित करन, सरकारी सीनियर सेकन्डेरी स्कूल में 12 वीं कक्षा का छात्र है। वह कुछ अन्य छात्रों के साथ स्टेशन पर फोटो खींचने के साथ ही रील बना रहा था। करन अचानक एक मालगाड़ी की छत पर चढ़ा और हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। कलोआ गांव निवासी करन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# 27 जिलों में गैर मुस्लिम समुदाय पर हमले शुरू

## घरों और दुकानों में लूट, 54 मंदिरों को फूंका ☐ गैर मुस्लिम बस्तियों में मची है चीख-पुकार

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हालात से बद से बदतर होते जा रहे हैं। आरक्षण विरोधी आंदोलन हिंसक रूप ले चुका है। देश में हिंदुओं पर हमले शुरू हो गए हैं। 27 जिलों में घरों में घुसकर हिंदुओं के साथ मारपीट की जा रही है। हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही और उनकी दुकानें लूटी जा रही है। हिंदुओं का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा है। मंदिरों को आग के हवाले से किया जा रहा है। हिंसा की आग में जल रहे बांग्लादेश में जगह- जगह धुआं उठ रहा है। हिंदूओं की बस्तियों में चीख-पुकार मची है। पूरे देश में दंगाइयों ने हिंसा, आगजनी, लूटपाट और हत्या से आतंक का तांडव मचा दिया है।



### गैर मुस्लिम बस्तियों में घुस रही दंगाइयों की टोली

सोशल मीडिया पर बांग्लादेश हिंसा की कई तस्वीरें शेयर की जा रही हैं। इनमें से कुछ तस्वीरें इतनी विभत्स है कि हम आपको यहां दिखा तक नहीं सकते। बांग्लादेश डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार की रात देश के 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और दुकानों पर हमले हुए। दंगाइयों ने टोली या छोटे-छोटे झुंड बनाकर हिंदू बस्तियों पर धावा बोला। हिंदुओं के घरों में घुसकर लोगों को मारपीट कर बाहर निकाला। पूरा सामान लूटने के बाद आग के हवाले कर दिया। विरोध करने वाले हिंदुओं को पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया गया।

**इस्कॉन- काली मंदिर में लगाई आग :** दंगाइयों ने सोमवार की रात बांग्लादेश के खुलना डिवीजन में एक इस्कॉन मंदिर को फूंक दिया। एक काली मंदिर में भी तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंदा दास ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेहेरपुर में किराए की जगह पर बना हमारा मंदिर जला दिया गया। मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ, बालदेव और सुभद्र देवी की मूर्तियां खंडित करने के बाद जला दी गई। मंदिर परिसर में रहने वाले तीन भक्तों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई।

**54 मंदिरों पर हमला और आगजनी :** बांग्लादेश हिंदू बौद्ध और क्रिश्चन यूनिटी काउंसिल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर कहा कि देश में 54 मंदिरों, हिंदुओं के घरों और उनके संस्थानों पर हमले हुए हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच सांस्कृतिक आदान- प्रदान के लिए काम करने वाले इंदिरा गांधी कल्चरल सेंटर में भी आग लगा दी गई। बांग्लादेश में हिंदुओं पर यह हमले 2021 में भड़की सांप्रदायिक हिंसा से भी भयानक है।

### हिंसा, हत्या और लूट के बीच सरकार बनाने में व्यस्त सेना

देश में दंगा, आगजनी, लूट, हत्या और हिंसा के बीच सेना सरकार गठन में व्यस्त है। शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश की कमान संभाल रही सेना, अराजक तत्वों के आगे बेबस नजर आ रही है। आरक्षण के विरोध में शुरू हुआ छात्रों का शांतिपूर्ण आंदोलन अब हिंसा और अराजकता की भेंट चढ़ चुका है। सोमवार की रात राजधानी ढाका की सड़कों पर दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया। दंगाई सड़कों पर उतर कर फायरिंग करते रहे। जहां भी हिंदुओं की दुकानें और घर नजर आई, आग लगा दी गई।

### दो हिंदू पार्षदों की बेरहमी से हत्या

रंगपुर सिटी कॉर्पोरेशन के हिंदू पार्षद हरदान रॉय की रविवार को हत्या कर दी गई। इसके साथ ही काजल रॉय नामक एक दूसरी हिंदू पार्षद को भी दंगाइयों ने मौत के घाट उतार दिया। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही देर बाद भड़की हिंसा में हिंदुओं को निशाना बनाया जाने लगा। रविवार को हुए विरोध प्रदर्शन में करीब 100 लोगों की मौत हुई। हरदान रॉय की मॉब लिंचिंग की जानकारी प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने दी। सान्याल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक बंगाली हिंदू और शरणार्थियों का वंशज होने के नाते मेरे लिए यह बेहद डरावना है।

### मंदिरों की रखवाली कर रहे मुसलमान

बांग्लादेश के एक हिंदू एक्टिविस्ट ने पिरोजपुर जिले का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें एक लड़की मदद की गुहार लगाती नजर आ रही है। एक दूसरे वीडियो में चिटगॉन्ग में एक भीड़ नवग्रह बारी इलाके में एक मंदिर को आग लगाते नजर आ रही है। ऐसी कई तस्वीरें देश भर से सामने आ रही है। वहीं कुछ ऐसी भी तस्वीरें सामने आई है जो हिंसा और हत्या के बीच राहत देने वाली हैं। कुछ जगहों पर मुस्लिम संप्रदाय के लोग हिंदूओं के धार्मिक स्थलों और मंदिरों की रखवाली करते नजर आ रहे हैं।

### बांग्लादेश में आम है गैर मुस्लिम समुदाय के साथ अत्याचार

बता दें कि मौजूदा समय में बांग्लादेश में करीब 8% हिंदू आबादी है। देश में करीब 1 करोड़ से ज्यादा हिंदू रहते हैं। 1951 में बांग्लादेश के गठन के वक्त देश में हिंदुओं की आबादी करीब 22% थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1964 और 2013 के बीच धार्मिक उत्पीड़न की वजह से करीब 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा हिंदुओं ने बांग्लादेश छोड़ा है। बांलादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार आम बात है।

### बांग्लादेशी हिंदुओं में खौफ का माहौल

बांग्लादेश के हिंदू संगठन ओकिया परिषद के संयुक्त महासचिव मोहिंदर कुमार नाथ ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं को अभी और भी हमले होने का डर सता रहा है। देश में हिंदू रो रहे हैं। कह रहे हैं कि उनके साथ मारपीट हो रही है। हिंदुओं का कहना है कि हमारी दुकानें और घरों को लूटा जा रहा है। आखिर हमारी गलती क्या है?

# बैंक धोखाधड़ी का आरोपी 20 साल बाद गिरफ्तार

## साधु बनकर आश्रम में छिपा था, सीबीआई को छकाया

**एजेंसी । हैदराबाद**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने 50 लाख रुपए के एक बैंक फ्रॉड मामले में शातिर जालसाज को दबोचा है। आरोपी पिछले 20 साल से फरार था और एक आश्रम में साधु बनकर छिपा हुआ था। उसने हैदराबाद स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) में काम करते हुए लाखों की चपत लगाई थी। इसके बाद से वह लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा और पुलिस समेत जांच एजेंसियों को चमका देता रहा। सीबीआई ने सलाम (तमिलनाडु) के एक गांव से आरोपी को पकड़ा है।



**बैंक में करता था कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी :** रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी का नाम वी. चलापति राव है, जो 2002 में हैदराबाद की चंदुलाल बरादारी SBI ब्रांच में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर काम करता था। इसी दौरान उसने दस्तावेजों में हेराफेरी कर 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। इसके लिए उसने इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के जाली कोटेशन और अपने परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के नाम पर नकली सैलरी सर्टिफिकेट बनाए थे।

### पत्नी ने मृत घोषित करने के लिए कोर्ट से लगाई गुहार

कुछ समय बाद धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो 2004 में चलापति राव हैदराबाद से गायब हो गया। उसकी पत्नी भी इस बैंक धोखाधड़ी में आरोपी है। उसने कामाटीपुरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि चलापति लापता है। साथ ही कोर्ट में याचिका दायर की थी कि 7 साल तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर पति को मृत घोषित किया जाए। जांच के दौरान आरोपी की पत्नी ने तेलंगाना हाईकोर्ट से अभियुक्त की संपत्ति को जब्त करने की कोशिशों पर रोक लगवाई।

# क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी में 14 गिरफ्तार, 2.21 करोड़ बरामद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बाहरी जिला स्पेशल स्टाफ ने रविवार देर रात पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 2.21 करोड़ रुपए नगदी भी बरामद की है। डीसीपी जिमी चिराम ने बताया कि स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि रेडिसन होटल के पास एक फ्लैट में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जाता है। सूचना पर एसीपी आपरेशंस नरेंद्र खत्री की देखरेख में टीम ने परिसर पर छापा मारकर सभी लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही नोट की गिनती कराई गई तो वह 2.21 करोड़ रुपए मिले। गिरोह के सरगना अंकित गोयल को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने मौके से सट्टे बाजी में प्रयुक्त ब्रीफकेस की तरह दो डिवाइस, 18 फोन एवं पहचान पत्र बरामद किए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह फ्लैट अंकित गोयल का है। कक्षा दस तक पढ़ाई करने के बाद वह अलग-अलग धंधों में हाथ आजमाता रहा। वह यहां पांच-छह साल से क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाता था। भारत-श्रीलंका के बीच हुए तीन मुकाबलों के दौरान सट्टेबाजी से जो रुपए आए थे, उसकी गिनती की जा रही थी। तभी पुलिस ने छापा मार दिया। वहां आए 12 लोग इन रुपयों में अपना हिस्सा लेकर आगे बांटने के लिए जाने वाले थे।



### दिल्ली-एनसीआर से आए थे रुपए लेने

पुलिस की गिरफ्त में आए सभी आरोपी दिल्ली-एनसीआर से हैं। ये सभी अपने-अपने इलाके में छोटे स्तर पर सट्टेबाजी करते थे। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि सट्टेबाजी से कमाए गए रुपए से इन्होंने कहां-कहां निवेश किया है। इसके बाद इन संपत्तियों को जब्त किया जाएगा।

### सिर्फ जानकारों को ही देता था मौका

पूछताछ में अंकित गोयल ने बताया कि वह सिर्फ जानकारों को सट्टा लगाने के लिए मौका देता था। इसके लिए पूरी श्रृंखला बनी हुई थी। सूटकेस की तरह डिवाइस से एक बार में 15 फोन लगाए जाते थे, जिससे एक शख्स एक बार में ही सभी से बात कर सके। चूंकि प्रति गेंद सट्टा लगता था और भाव घटता एवं बढ़ता रहता था, इसलिए इसका पूरा हिसाब रखा जाता था। सट्टा जीतने वाला अंकित गोयल के आफिस से रुपए लेकर जाता था और हारने वाला यहां पर जमा करने आता था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह के बारे में अन्य जानकारी हासिल की जा रही है।

### प्रियंका पर बयान को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सांसद को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर सदन में झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की। पार्टी ने कहा कि दुबे का यह दावा पूरी तरह बेबुनियाद है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अंबानी परिवार के शादी समारोह में शामिल हुई थीं। लोकसभा में कांग्रेस महसचिव केसी वेणुगोपाल ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भाजपा सांसद सदन में झूठ बोलते हैं और उन्हें ऐसा करने की अनुमति भी मिल जाती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख उद्योगपति के परिवार के वैवाहिक समारोह में कांग्रेस महासचिव शामिल नहीं हुई थीं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झूठ बोलने की लत है।



# कोई राज्य पश्चिम बंगाल का मॉडल अपनाना पसंद नहीं करेगा : अमित शाह

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार को किसी भी राज्य के अच्छे मॉडल को दूसरे प्रदेशों में लागू करने मे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सरकार के कामकाज के तौर तरीकों पर तंज कसते हुए कहा कि देश का कोई भी राज्य अपने यहां राज्य का मॉडल नहीं अपनाना चाहेगा। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान वामपंथी उग्रवाद से जुड़े मुद्दे पर सवाल-जवाब के दौरान तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत राय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार अपनी विकास योजनाओं से वामपंथी उग्रवाद को रोकने में सफल रही है। ऐसे में क्या केंद्र सरकार बंगाल मॉडल दूसरे राज्यों में लागू करेगी। इस पर गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी राज्य अच्छा करे तो उसके उदाहरण को लागू करने में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन कोई राज्य नहीं चाहेगा कि पश्चिम बंगाल का मॉडल उसके यहां अपनाया जाए।



### हीटवेब हो सकती है और भयावह

**नई दिल्ली।** देश में जलवायु परिवर्तन को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ रही हैं। एक सर्वेक्षण में 74 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इस बात का खतरा महसूस होता है कि आने वाले समय में गर्मी और भयावह रूप धारण करेगी। इसकी वजह से हीटवेब और तीव्र हो सकती है। येल क्लाईमेट चेंज कार्यक्रम और सी वोटर के सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वेक्षण 34 राज्यों के 604 जिलों में किया गया। इस दौरान 85 फीसदी लोगों ने यह भी माना कि वे जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर तमाम चिंताओं के बावजूद ऐसे लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है जो इस बारे में बहुत कुछ जानते हैं। यानी लोगों की जानकारी अभी भी सीमित है। अलग-अलग हिस्सों में यह भिन्न है। जैसे गुजरात में 52 फीसदी लोगों ने माना कि वह जलवायु खतरों को लेकर बहुत सारी जानकारी रखते हैं, लेकिन वहीं महाराष्ट्र में ऐसे लोगों का प्रतिशत महज 33 फीसदी था।



# बृजभूषण यौन उत्पीड़न मामले में महिला SI का बयान दर्ज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राउज एवेन्यू कोर्ट बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न मामले में गवाहों के बयान दर्ज कर रही है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को मामले की जांच में शामिल एक महिला सब इंस्पेक्टर का बयान दर्ज किया। अदालत ने पीड़िता से SAI सेंटर लखनऊ और सर छोटू राम स्टेडियम रोहतक की तस्वीरें ली थीं। एक अन्य अभियोजन पक्ष की गवाह जो पीड़िता है, मेडिकल आधार पर पेश नहीं हुई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत ने पीड़िता को 23 अगस्त को तलब किया है। इसी तारीख पर उसके बयान दर्ज किए जाएंगे।



### लगाए गए आरोपों से बृजभूषण शरण सिंह को कर दिया बरी

सनद रहे छठी पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों से बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया गया है। अदालत ने एक महिला के आरोप पर आईपीसी की धारा 506 (भाग 1) के तहत दूसरे आरोपी विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपपत्र में कहा है कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तारी के बिना मुकदमे के लिए आरोपित किया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों आरोपियों ने जांच में शामिल होकर सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत निर्देशों का पालन किया है। यह मामला महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

### गवाह को किया तलब

रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने सब इंस्पेक्टर रश्मि का बयान दर्ज किया। वहीं बचाव पक्ष के वकील राजीव मोहन ने गवाह से जिरह की। जिरह के दौरान गवाह ने कहा कि जांच उसे नहीं सौंपी गई थी, वरन वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर उसने जांच में हिस्सा लिया था। सब इंस्पेक्टर रश्मि ने यह भी कहा कि उसने पीड़िता एसएम को नोटिस जारी किया था, लेकिन उसने साइट प्लान तैयार करने में हिस्सा नहीं लिया था। इसके बाद इंस्पेक्टर रवि ने साइट प्लान तैयार किया था। इसके साथ ही अदालत ने पीड़िता एसएम को गवाही देने के लिए तलब किया है। बता दें कि पिछली तारीख पर अदालत ने कांस्टेबल मुकेश कुमार का बयान दर्ज किया था। कोर्ट ने 11 जुलाई को मामले में अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान दर्ज करने और मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया था। 21 मई को कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे। अदालत ने कहा था कि बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ 5 महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपों पर केस चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

# इंडिया गठबंधन ने स्वास्थ्य, जीवन बीमा पर जीएसटी वापस लेने की मांग उठाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा पर जीएसटी वापस लेने की मांग करते हुए मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार सहित गठबंधन के घटक दलों के सांसद शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल साइट एक्स पर कहा कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी जनता पर कड़ा प्रहार है। मध्यम वर्ग पहले ही सरकार की टैक्स वसूली नीतियों से परेशान है। वर्ष 2024 में भारत में चिकित्सा महंगाई दर 14 फीसदी एशिया में सबसे ज्यादा है। ऊपर से स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी भाजपा की लूट का निंदनीय उदाहरण है।

### राहुल ने असंवेदनशील सोच का प्रमाण बताया




लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स पर कहा कि स्वास्थ्य संकट के वक्त किसी के आगे झुकना न पड़े, इसलिए पाई-पाई जोड़कर स्वास्थ्य बीमा की किस्त भरने वाले करोड़ों भारतीयों से केंद्र सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपए वसूल लिए। हर आपदा में टैक्स का अवसर तलाशना भाजपा सरकार की असंवेदनशील सोच का प्रमाण है। इंडिया गठबंधन इस अवसरवादी सोच का विरोध करता है। संसद भवन के मकर द्वार के सामने किए प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बात करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार कफन टैक्स लगा रही है। यह बहुत बड़ी लूट है और इंडिया गठबंधन इसका पुरजोर विरोध करेगा।पिछले दिनों तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस मुद्दे को संसद में उठाया था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखा था।